



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, शुक्रवार 13 जून 2025 | वर्ष-31 अंक-302 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



# ब्लैक थर्सडे: अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन रिहायसी इलाके में क्रैश

## लंदन जा रही फ्लाइट में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक थे सवार, हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन

### 240 यात्रियों की मौत, 2 जिंदा

### 15 साल में पहली बार क्रैश हुआ बोइंग 787 विमान, एअर इंडिया ने लंबी उड़ानों के लिए खरीदा था

### गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे की जगह पहुंच कर जायजा लिया, अधिकारियों को दिए निर्देश





**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें सवार 240 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। अब तक हादसे में केवल दो लोगों के बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी गई है कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। वहीं एक और जिंदा बचा यात्री अस्पताल में भर्ती है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं।

एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन ने लंदन के लिए उड़ान भरी थी। क्रैश हुआ विमान एक मॉडर्न एयरक्राफ्ट है, जिसे दिसंबर 2013 में बोइंग कॉमर्शियल एयरप्लेन्स ने बनाया था। बोइंग के 787 विमान के 15 साल के इतिहास में यह पहला क्रैश है। ये मिड-साइज, ट्विन-इंजन, वाइड-बॉडी जेट है, जो लंबी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है। ये एक बार में 14,000 किमी तक उड़ सकता है। गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे की जगह पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### सभी शव बुरी तरह झुलसे

हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ। अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हुआ है, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। यह विमान बोइंग बी787 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी था।

### होश आया तो सिर्फ लाशे दिखीं

हादसे में बचे रमेश विश्वास कुमार ने कहा कि टेकऑफ के 30 सेकंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थी। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एंबुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था।

### प्लेन का टेल विंग हॉस्टल कंपाउंड में मौजूद

अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन डॉक्टर्स हॉस्टल से टकराया था। यहां विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह जल गया है। वीडियो में हॉस्टल परिसर में प्लेन की टेल टूटी हुई दिख रही है। गुजरात स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि अहमदाबाद सिविल अस्पताल के छात्र छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर और अन्य आवासीय क्षेत्र उस क्षेत्र में स्थित हैं जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। लगभग 50 घायलों को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में लाया गया है।

### पायलट ने मेडे की कॉल की थी

डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 12 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला।

### पीएम मोदी ने विमान दुर्घटना की जानकारी ली

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर ट्वीट करते हुए लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। सभी लोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से बात की और विमान हादसे की जानकारी ली।

### दुर्घटना की जांच करेगा एएआईबी

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच करेगा। दुर्घटना में शामिल एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा कि एएआईबी के महानिदेशक और एजेंसी में जांच निदेशक सहित अन्य लोग अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत, एएआईबी भारतीय हवाई क्षेत्र में परिचालन करने वाले विमानों से जुड़ी सुरक्षा घटनाओं को दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं में वर्गीकृत करने के लिए जिम्मेदार है। यह दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच करता है और सुरक्षा में सुधार के उपाय भी सुझाता है। बोइंग ने एक बयान में कहा, हम शुरुआती रिपोर्टों से अवगत हैं और अधिक जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहे हैं।

### 37 साल बाद अहमदाबाद में हादसा

19 अक्तूबर 1988 को भी अहमदाबाद एयरपोर्ट के करीब एक बड़ा विमान हादसा हुआ था। उस हादसे में 113 लोगों की मौत हुई थी। उस दिन बोइंग 737-200 विमान ने सुबह 6.05 बजे मुंबई से उड़ान भरी। 6.20 बजे पायलट ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से कम दृश्यता के चलते मौसम की जानकारी मांगी। हालांकि, अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचने के बाद पायलट ने लैंडिंग की अनुमति नहीं मांगी और सुबह 6.53 बजे चिलोदा कोतरपुर के करीब एक पेड़ और बिजली के ट्रांसमिशन टावर से टकरा गया। बताया जाता है कि कॉकपिट में मौजूद वॉयस रिकॉर्डर से सामने आया था कि विमान में दोनों पायलट कम दृश्यता के चलते रनवे खोजने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान वे विमान को नीचे भी उतारते जा रहे थे। जब यह विमान 1000 फीट की ऊंचाई पर रह गया, तभी यह बिजली के ट्रांसमिशन टावर से टकरा गया और एयरपोर्ट से करीब 3 किलोमीटर दूर क्रैश हो गया।

### दुनिया के 10 सबसे बड़े विमान हादसे

1974: तुर्की में प्लेन का दरवाजा टूटा, 346 मौतें

1977: स्पेन में एक मिसकम्युनिकेशन और 586 मौतें

1978: अरब सागर में प्लेन गिरा, 213 मौतें

1980: सऊदी में प्लेन में आग लगी, 301 मौतें

1985: जापान में प्लेन क्रैश हुआ, 520 मौतें

1993: औरंगाबाद एयरपोर्ट पर हादसा, 55 मौतें

1996: हरियाणा में दो प्लेन टकराए, 349 मौतें

2010: कर्नाटक में खाई में गिरा प्लेन, 158 मौतें

2018: इंडोनेशिया में उड़ान भरते ही क्रैश, 189 मौतें

2020: एअर इंडिया एक्सप्रेस प्लेन क्रैश, 21 की मौत

## ब्रीफ न्यूज

### पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

**कनाडा।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था।

### रेप पीड़ित बच्ची की मौत

**कानपुर।** बांदा की 3 वर्षीय रेप पीड़िता की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मासूम 7 दिन से मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती थी। मासूम के सिर, चेहरा, पेट और हाथ समेत पूरे शरीर पर 24 से ज्यादा चोट के निशान थे। प्राइवेट पार्ट पर भी 6 चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची के यूरिन में इन्फेक्शन फैल गया था। बच्ची को 3 जून को रात में कानपुर लाया गया था। बच्ची की हालत गंभीर थी। 6 डॉक्टरों की टीम मासूम को बचाने के लिए मशक्कत कर रही थी।

### कनाडा में खालिस्तानियों की धरपकड़

**टोरंटो।** कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्सा लेने से पहले कनाडा में भारत विरोधी खालिस्तानियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी धरपकड़ शुरू कर दी गई है। इसी अभियान के तहत कनाडाई पुलिस ने एक बड़े ड्रग और आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके खालिस्तान समर्थकों से संदिग्ध संबंध हैं। पुलिस ने कनाडा में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती की है, जिसमें 479 किलोग्राम कोकीन शामिल है। इसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर है। वहीं कनाडा में भारत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर भी रोक लगा दी गई है।

### सेंसेक्स 823 अंक गिरकर 81,691 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में गुरूवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 823 अंक की गिरावट के साथ 81,691 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 253 अंक की गिरावट रही, ये 24,888 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। आईटी, एफएमसीजी, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा मोटर्स का शेयर 2.98 प्रतिशत और एमएंडएम का शेयर 2.30 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.65 प्रतिशत नीचे 38,173 पर और हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.36 प्रतिशत गिरकर 24,035 पर बंद हुआ।

### फिर खुलेगी कर्नाटक की सोने वाली खान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की जिस सोने की खदान कोलार गोल्ड फील्ड्स से भारत सोने की चिड़िया कहलाता था और अंग्रेज भी इसी सोने से मालमाल हुए। अब सरकार 79 साल बाद इसे खोलने की तैयारी कर रही है। अगर यहां बड़ा स्वर्ण भंडार निकला तो देश को लाखों करोड़ का फायदा हो सकता है। इस गोल्ड माइंस से सालाना लगभग 750 किलो सोना निकाला जा सकता है। इससे भारत की सोने की खरीद के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। वर्ष 1880 से 120 सालों में यहां से करीब 900 टन सोना निकाला गया। लेकिन वर्ष 2021 में यहां खनन रोक दिया गया। कोलार गोल्ड फील्ड्स को एक वक्त गोल्ड सिटी, सोने का शहर या मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता था। ब्रिटेन के भारत में आधिपत्य के बाद वर्ष 1802 से कोलार की खदानों में 1804 से 1860 के बीच खुदाई प्रारंभ की। आजादी के कुछ साल पहले 1943 तक केजीएफ ने 583 टन सोना निकाला और खूब खजाना भरा।

### मप्र में कोरोना से तीसरी मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना से इस साल तीसरी मौत हो गई है। इसकी पुष्टि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड-19 डैशबोर्ड पर की गई है, जिसमें बताया गया कि प्रदेश में कोरोना से एक और महिला की जान गई है।

## टाटा ग्रुप का बड़ा ऐलान, विमान हादसे के मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ की सहायता देगा




**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद टाटा ग्रुप ने बड़ा ऐलान किया है। जिसके मुताबिक टाटा समूह ने विमान हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को एक-एक करोड़ रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा टाटा समूह घायलों के इलाज का पूरा खर्च भी उठाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके साथ ही, बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के पुनर्निर्माण के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी।

## संघ प्रमुख पहुंचे मथुरा, स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण वर्ग में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत बिहार के बाद अब यूपी दौरे पर हैं। संघ प्रमुख गुरुवार को मथुरा पहुंचे, जहां वह तीन दिन प्रवास करेंगे। संघ प्रमुख मथुरा के गऊ ग्राम परखम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे। भागवत 14 जून की शाम परखम से नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में पश्चिमी यूपी के 251 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

संघ प्रमुख के कार्यक्रम को देखते हुए मथुरा में पुलिस अलर्ट है। परखम जाने वाले रास्तों पर जगह-जगह चेकपोस्ट बनाए गए हैं और सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है। बड़े अधिकारी लगातार गऊ ग्राम परखम का दौरा कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। फरह विकास खंड के परखम स्थित दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में इस प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत 28 मई को हुई थी और समापन 18 जून को होना है।

भागवत मथुरा के परखम में तीन दिन रहेंगे। इस दौरान वह प्रशिक्षण वर्ग के अलग-अलग सत्रों में भाग लेंगे। संघ प्रमुख बौद्धिक देंगे और संघ की कार्यप्रणाली, महत्ता और पद्धति पर प्रश्नोत्तरी के जरिये संवाद भी करेंगे। संघ के इस प्रशिक्षण वर्ग में मेरठ और ब्रज प्रांत के साथ ही उत्तराखंड के संघ पदाधिकारी भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। 13 जून को संघ प्रमुख पूर्ण गणवेश में मौजूद स्वयंसेवकों की शाखा टोली को संबोधित करेंगे। अपने तीन दिन के मथुरा प्रवास के दौरान संघ प्रमुख के आसपास के जिलों से आने वाले संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन का उद्देश्य स्वयंसेवकों में कौशल और विषयों को लेकर स्पष्टता का विकास बताया है। यह प्रथम वर्ग प्रशिक्षण बताया जा रहा है, जिसमें 45 साल से कम उम्र के प्रशिक्षु ही भाग ले सकते हैं। संघ प्रमुख के प्रवास को देखते हुए उनके सुरक्षाकर्मी एक दिन पहले ही परखम पहुंच चुके हैं।

## तोमर बंधु अब भी फरार, करीबियों के ठिकानों से 40 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज, 3.5 करोड़ का सोना जब्त

**रायपुर।** सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग और गाड़ियों के लेन-देन जैसे मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर की अब तक पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। हालांकि, जांच के दायरे में आए उनके करीबियों के ठिकानों पर हुई छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की रजिस्ट्री दस्तावेज, साढ़े तीन करोड़ रुपये मूल्य का सोना, 10 लाख रुपये की चांदी, नकदी, बैंक पासबुक और अन्य अहम कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस ने रात करीब 8 बजे भाठागांव स्थित वालफोर्ट सिटी निवासी व्यापारी रविंदर सिंह और हनुमान वाटिका निवासी कारोबारी ऋषभ सिंह के घरों में सर्च वारंट के तहत छापेमारी की। यह कार्रवाई बुधवार सुबह 7 बजे तक चली। रविंदर सिंह के घर से 150 से अधिक संपत्ति रजिस्ट्री दस्तावेज, 8 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर जब्त किए गए। इन सामग्रियों की जानकारी आयकर विभाग को भी दी गई है। पुलिस को संदेह है कि ये दस्तावेज और जेवर उन लोगों से जुड़े हो सकते हैं, जिन्होंने तोमर बंधुओं से ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लिया था। बाद में उनके दस्तावेज और संपत्ति जबरन अपने कब्जे में ले ली गई। बताया जा रहा है कि रविंदर और ऋषभ सिंह तोमर बंधुओं के करीबी हैं।

## मोदी राज में गरीब का पैसा गरीब को ही मिलता, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण में 90 गुना तेजी

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके लिए पीए मोदी का धन्यवाद किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत महज एक दशक में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में 90 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है, जहां 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन हुए। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में मात्र एक दशक में 2013-14 के 7,368 करोड़ से लेकर 2024-25 में 6.83 लाख करोड़ रुपए तक, डीबीटी हस्तांतरण में 90 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, इससे सुनिश्चित हुआ है कि हर रुपया हर नागरिक तक पहुंचा।

उन्होंने कहा कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है। जहां, 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन हुए और मात्रा के हिसाब से सालाना आधार पर करीब 18,600 करोड़ लेनदेन किए गए।

उन्होंने कहा, वर्तमान में भारत डिजिटल इनोवेशन, टेक आधारित शासन और ग्लोबल ट्रस्ट का हब बना है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर स्पेस टेक तक, डिजिटल पेमेंट से लेकर ग्रामीण कनेक्टिविटी तक, परिवर्तन स्पष्ट, प्रभावशाली और स्थायी है।

वहीं आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव के अनुसार, भारत में 55.44 करोड़ जन धन खाते खुले हैं, जिसमें से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

## देश में राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म, पारा 48 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### राघौगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो तस्करों से 46.94 ग्राम स्मैक जब्त

**गुना।** पुलिस अधीक्षक के निरदैशन मै जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत चौकी जंजाली पुलिस को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी रोकने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 46.94 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से बिना नंबर प्लेट के पीपलखेड़ी से जंजाली की ओर स्मैक लेकर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने सागर-बरखेड़ा तिराहे पर घेराबंदी कर चेकिंग प्रारंभ की। कुछ देर बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल वहां पहुंची। जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो सवारों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति राजेश उर्फ छोटू तंवर (37) निवासी महुआ खोह थाना अकलेरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) एवं पीछे बैठा व्यक्ति कन्हैयालाल मीना (70) निवासी ल्हास थाना घाटोली, जिला झालावाड़ (राजस्थान) पाया गया। जिसके बाद उनकी तलाशी ली गई। तलाशी में पुलिस ने आरोपियों से 46.94 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने आरोपी राजेश उर्फ छोटू तंवर एवं कन्हैयालाल मीना को मौके पर ही गिरफ्तार कर बाईक जप्त की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना राघौगढ़ में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को लाभ दिलाने 15 जून से 30 जून तक आयोजित होंगे शिविर

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान जागरूकता व संतृप्ति के लिए चयनित ग्रामों में 15 जून से 30 जून तक शिविर लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं। सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार ने समस्त विभागों की शासकीय योजनाओं से अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए सभी जिला प्रमुखों, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित शिविर स्थल पर अपने अधीनस्थ स्टॉफ को उपस्थित होने के लिए आदेशित कर पात्रतानुसार हितग्राहियों को लाभांवित करना सुनिश्चित करें।

### नान अल्कोहालिक फैटी लीवर डिजीज पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

#### कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं का किया गया निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार व सीएमएचओ डॉ. एसएस ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में नॉन अल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज-एनएएफएलडी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक आयोजित किया जायेगा। नॉन अल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज- एनएएफएलडी कार्यक्रम जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुरब?ा में आयोजित किया गया।

### शिक्षकों को दिया जा उन्मुखीकरण का प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में 9 जून से शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन भोपाल से अकादमिक प्रशिक्षण प्राप्त प्राचार्य श्री प्रभात कुमार मिश्रा ने स्कूल लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के सभी आयामों के बारे में शिक्षकों को बताया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्राथमिक विभाग के श्री महबूब अहमद अंसारी ने अपने अनुभव, तीसरे दिन माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठक श्रीमती माधुरी गर्ग ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से, चौथे दिन यूएचव्ही आनंद सभा के श्री आशी पटेल, श्री सुरेन्द्र पटेल, श्री कृष्ण कुमार शर्मा व श्री दुर्गा प्रसाद धुर्वे ने मानवीय मूल्य स्थापित करने वाली मान्यताओं के बारे में बताया।

# संस्कृति संवर्द्धन हेतु नृत्य कार्यशाला अभिनव प्रयोगः डॉ. राकेश मिश्र





**सतना।** विश्व गुरू भारत जो अपनी संस्कृति, धर्म और कला के लिए जाना जाता रहा है। वर्तमान में हमारी संस्कृति और धर्म को युवा पीढ़ी समझती तो है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भ्रमित हो रही है।संस्कृति को आत्मसात् नहीं कर पा रही है। आवश्यकता है कि राष्ट्र की यह पीढ़ी पहले अपनी संस्कृति को जाने, समझे एवं इसको आत्मसात करे। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नेह निकुंज में आयोजित की गई।

डॉ. राकेश मिश्र जी ने दीप प्रज्वलित कर सोमवार 9 जून को उद्घाटन किया । जिसमें नृत्य के माध्यम से राष्ट्र की सेवा, धर्म और संस्कृति के प्रति युवा पीढ़ी की जागरूकता बढे, जिससे वह कला को भी आजीविका के रूप में चयनित कर सकते हैं।तनाव मुक्त जीवन के लिए नृत्य कला को भी अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।

#### हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न- ऋतंभरा

कार्यक्रम संयोजक कु. ऋतंभरा सिंह ने विषय वस्तु में नृत्य का उद्भव,चारों वेदों में नृत्य का वर्णन एवं पंचम वेद का परिचय, रामायण, महाभारत, गीता, शिव पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण एवं अन्य पुराणों में नृत्य का वर्णन का सजीव चित्रण किया व छात्राओं को बारीकी से प्रस्तुत किया।

उन्होंने महाकवि कालिदास, मीराबाई आदि की रचनाओं में नृत्य का वर्णन एवं नृत्य साधना पर युवा कलाकारों को जानकारी दी।

#### प्रशस्ति पत्र से सम्मान पाकर नृत्यांगनायें प्रसन्न हुईः नीलम कुशवाहा

बुधवार सायंकाल समापन के अवसर पर कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर श्री राजीव व्यास, श्रीमती मनीषा सिंह, नीलम कुशवाहा, सीलम सैनी, प्रिया त्रिपाठी, रेणु यादव,रश्मि सैनी, राजेश त्रिपाठी नीलू सहित शहर के अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# वोकल फॉर लोकल के लिए महिलाओं की मार्केट बनेगीः कैट



**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) वूमन विंग ग्वालियर ने आज म.प्र. शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से एयरपोर्ट पर मुलाकात कर ग्वालियर में "वोकल फॉर लोकल" के लिए महिला उद्यमियों को एक स्पेशल मार्केट बनाये जाने का आग्रह किया है। प्रोजेक्ट संयोजक सी.ए. निधि अग्रवाल ने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री जी को कैट के कार्यक्रम में ग्वालियर आने का आमंत्रण भी दिया और जुलाई माह में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का जो कार्यक्रम ग्वालियर में होगा उसमें मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने आने की सहमति प्रदान की है। कैट के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के अवसर पर आयुक्त नगर निगम संघप्रिय उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सोमवार को नगर निगम कार्यालय में कैट के साथ बैठक करेंगे और प्रोजेक्ट पर चर्चा होगी। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने बताया कि कंपू, हनुमान टॉकीज के निकट नगर निगम ने महिलाओं के लिए हॉकर जोन बनाया था, जो कि उपयोग में नहीं आ रहा है। हमने माननीय मंत्री जी को प्रस्ताव दिया कि इस हॉकर जोन में दुकानें बनाकर केवल महिलाओं को आवंटित करें और वहां स्वदेशी उत्पादों का विक्रय किया जाये। ताकि प्रधानमंत्री जी की भावना के अनुरूप "वोकल फॉर लोकल" को प्रोत्साहन मिल सके।

महिला विंग अध्यक्ष डॉ. गरिमा वैश्य, सचिव सी.ए. सुभांगी चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मीनाक्षी गोयल, साधना शांडिल्य, कविता जैन, रीना गांधी, बबीता डाबर, राखी गुप्ता, ज्योति गोले, निरुपमा मालपानी सहित जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला संयोजक दिलीप पंजवानी, दीपक पमनानी, विवेक जैन, मुकेश जैन, मुकेश अग्रवाल, डॉ. सौरभ खंडेलवाल आदि ने कहा कि सोमवार को आयुक्त नगर निगम के साथ होने वाली बैठक में ऐसी महिला उद्यमियों को आमंत्रित किया जायेगा जो "वोकल फॉर लोकल" उत्पादों का विक्रय करती हैं, ताकि इस विशेष प्रोजेक्ट को आगे बड़ाया जा सके।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराया, नहीं आए नल तो वार्डवासियों का फूटा आक्रोश, चक्का जाम कर जताया विरोध

#### गर्मी, अंधेरा, जलसंकट और नाराजगी

#### गुना में बिजली कटौती बनी जनता के लिए त्रासदी



**गुना।** जिले में भीषण गर्मी और लगातार बिजली कटौती ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही लोगों के लिए दोहरी मुसीबत बन गई है। गर्मी से बेहाल नागरिकों का गुस्सा अब सड?ों पर फूटने लगा है। गत रात और फिर सुबह वार्ड क्रमांक 11 के छिगा चौराहा और कुमार मोहल्ला क्षेत्र के रहवासियों ने बिजली कटौती के खिलाफ चक्काजाम कर दिया। इस दौरान बच्चों ने भी अपनी गलियों में खाली बर्तन रखकर बिजली विभाग और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पहले उनका फीडर जयस्तंभ चौराहे स्थित उपकेन्द्र से जुड़ा हुआ था, जिससे बिजली आपूर्ति सामान्य रहती थी। लेकिन कुछ समय पूर्व बिजली विभाग के अधिकारियों ने उनका कनेक्शन बदलकर हरिपुर ग्रामीण क्षेत्र के बूढ़ेवाला फीडर से जोड़ दिया है। इसके बाद से ही पूरे मोहल्ले में बिजली संकट गंभीर हो गया है। स्थिति यह है कि दिनभर में सिर्फ 10 से 15 मिनट के लिए ही बिजली मिलती है, बाकी समय लाइट गायब रहती है।

बुधवार की रात पूरे क्षेत्र में बिजली गुल रही, जिससे लोग रातभर गर्मी और मच्छरों के बीच तड़पते रहे। गुरूवार सुबह पानी की सप्लाई भी बाधित हो गई, जिससे मोहल्ले के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गए। इससे परेशान होकर क्षेत्रवासियों ने रात को फिर सुबह सड? पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। महिलाओं और बुजुर्गों के साथ बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल हुए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# बीनागंज में क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन सटोरिये पकड़ाये, 3150 रूपये नगदी सहित दो मोबाईल जप्त

#### एसपी अंकित सोनी के निर्देशों पर जिले में जुआ, सट्टा के विरूद्ध गुना पुलिस का जारी है कार्यवाही अभियान



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब आदि पर अंकुश लगाए जाने और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को सख्त लहजों में निर्देशित किया जा रहा है । निर्देशानुसार गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर सतत् निगाहें रखते हुए उन पर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी एसडीओपी चांचौड़ा महेन्द्र गौतम के पर्यवेक्षण में जिले के चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा बीती रात बीनागंज में क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे तीन सटोरियों पर कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जून 2025 की रात जिले के बीनागंज गल्ला मंडी में दो लोगों के द्वारा मोबाईल पर क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा खिलाये जाने की मुखबिर सूचना पर बीनागंज चौकी से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल बीनागंज गल्ला मंडी पहुंचकर देखा तो वहां पर मुखबिर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति अपने मोबाईल चलाते दिखे, जिन्होंने पुलिस को देखते ही दौड़ लगाकर वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उनका पीछा व घेराबंदी कर पकड़ लिया गया । जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम नीरज पुत्र जय सिंह राजपूत निवासी जयसिंहपुरा थाना चांचौड़ा एवं जितेन्द्र पुत्र रामदयाल शिवहरे निवासी बीनागंज के होना बताये । पुलिस द्वारा दोंनो के मोबाइल चेक करने पर उनमें ऑनलाइन सट्टे की आईडी खुली होकर क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाना पाया गया और जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से सट्टे के 3,150 रूपये नगदी भी बरामद हुए । जिनके द्वारा क्रिकेट मैचों पर सट्टा खिलाना स्वीकार करते हुए बीनागंज के जितेन्द्र मीना से सट्टे की आईडी लेकर अपने मोबाईल में ऑनलाईन सट्टा खिलाना स्वीकारते हुए जितेन्द्र मीना को सट्टे का हिसाब-किताब देना बताया । इसके बाद पुलिस द्वारा सट्टेबाज जितेन्द्र मीना की तलाश की गई और कुछ ही समय में जितेन्द्र उर्फ पुत्र बाबूलाल मीना निवासी बीनागंज को भी पकड़ लिया गया, जिसने भी क्रिकेट मैचों पर सट्टा खिलाने के लिए ऑनलाईन आईडी बनाना और आईडी पर ऑनलाईन सट्टा खिलाने नीरज मीना व जितेन्द्र शिवहरे को आईडी कमीशन पर देना स्वीकार किया । जिस पर से तीनों सटोरिया नीरज मीना, जितेन्द्र शिवहरे एवं जितेन्द्र मीना के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 237/25 धारा 49 बीएनएस व 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई है । पुलिस के द्वारा सटोरियों के बरामद मोबाईलों में उनके अकाउंट की अभी जांच की जा रही है । पुलिस की ऑनलाईन सट्टे के विरुद्ध इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील रघुवंशी, आरक्षक अजय समाधिया, आरक्षक शुभम मिश्रा, आरक्षक विकाश राजावत एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव की विशेष भूमिका रही है।

# ग्वालियर सेवाभाव समिति एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ने भंडारे का आयोजन किया



**ग्वालियर।** ग्वालियर सेवाभाव समिति एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ने आज जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर रामू विशेष रूप से उपस्थित थे। ग्वालियर सेवाभाव समिति के अध्यक्ष रमेश गोयल लल्ला एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष इंजी. एस.के. गुप्ता ने बताया कि जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण मरीजों के अटेंडरों को किया जाता है। आज का विशेष दिन म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के जन्मदिन पर विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। लगभग 600 अटेंडरों ने भोजन प्राप्त किया और वरिष्ठ नागरिक संस्थान के एक सैक?ा से अधिक कायकर्ता सक्रिय रूप से कार्यरत थे और भंडारे में शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विवेक शर्मा, कैट के संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी, राहुल अग्रवाल, डॉ. सौरभ खंडेलवाल, वरिष्ठ नगारिक सेवा संस्थान के संयुक्त अध्यक्ष डॉ. मुकेश जैन, रमेश पटेल, रघुनाथ तोमर, गोपाल सिंह कुशवाह, वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के सचिव एम.के. जैन सहित ब?ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### मिशन नींव 2025 के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर।** मिशन नींव 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष नरसिंहपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मिशन नींव 2025 के तहत जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को अलग- अलग के लिए निर्धारित आधारशिला, 3 से 6 वर्ष के लिए एवं नवचेतना अंतर्गत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित कोर्स और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण एवं पड़ाई के बराबर अनुपात एवं उसकी महत्वता व उसके जीवन में योगदान के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक का प्रयोग वापस आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाकर प्रतिदिन प्रत्येक बच्चों के साथ किया जाना है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग एवं कार्यकर्ताओं के समूहों द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने प्रत्येक कार्यकर्ता से प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की।

# मजदूरी करके अपने परिवार का भरण- पोषण करने वाली श्रीमती सोनी बनी आत्मनिर्भर

#### आजीविका मिशन के माध्यम से सिलाई कार्य को बड़ाया

#### अब करीब 12 हजार रुपये की हो रही मासिक आय

**नरसिंहपुर।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए कई योजनायें संचालित कर रही है। इन योजनाओं से जुड़कर एवं लाभ पाकर जिले की कई महिलायें सशक्त होकर सफलता की नई इबारत लिख रही हैं। शासन की यह योजनायें महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। महिलायें आजीविका मिशन से जुड़कर न केवल स्वयं सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्तर भी ऊंचा उठा रही हैं। इन्हीं महिलाओं में जिले की सांईखेड़ा विकासखंड के ग्राम जमाड़ा के शक्ति स्वसहायता समूह की श्रीमती सुशीला सोनी है, जिन्होंने स्वसहायता समूह के माध्यम से अपनी सिलाई के कार्य को आगे बड़ाया और सफलता की नई इबारत लिखी। आज श्रीमती सोनी करीब 10 से 12 हजार रुपये की मासिक आय अर्जित कर रही हैं। समूह से जुड़ने के पश्चात उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तथा परिवार की मासिक आय में पहले से काफी बड़ोत्तरी हुई है। वे बहुत खुश हैं और कहती हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। यह सब उनके द्वारा संचालित स्वसहायता समूह के माध्यम से हो पा रहा है। ग्राम जमाड़ा की श्रीमती सुशीला सोनी आजीविका मिशन से जुड़ने के पहले की कहानी बताती हैं कि उनकी 3 बेटी और एक बेटा है। उनके पति श्री दीनदयाल सोनी मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। मजदूरी से जो पैसा मिलता था उससे उन्हें और उनके परिवार का जीवन यापन होता था। इतनी कम आय से उनकी गरीबी कम नहीं हुई और आवश्यकतायें बड़ने लगी। आय न होने के कारण आर्थिक स्थिति खराब होने लगी। पहले उनके पति ही मजदूरी करते थे, अब वे स्वयं भी मजदूरी करने लगी। इससे कुछ राहत तो मिली लेकिन उनके पास कोई स्थायी आय का साधन उपलब्ध नहीं था। मजदूरी रोज- रोज भी नहीं मिल पाती थी। इसी दौरान उन्हें स्वसहायता समूह के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। ग्राम जमाड़ा में वर्ष 2018 में आजीविका मिशन के द्वारा शक्ति स्वसहायता समूह के गठन का कार्य किया जा रहा था। उन्हें जानकारी प्राप्त होते ही महिलाओं ने संगठित होकर शक्ति स्वसहायता समूह का गठन किया। समूह द्वारा सर्वप्रथम आजीविका मिशन से प्राप्त चक्रीय राशि में से 15 हजार रुपये का छोटा ऋण लिया। इसके उपरांत उन्होंने बचत राशि से 30 हजार रुपये लिये, जिसके द्वारा उन्होंने अपनी कपड़ा सिलाई के कार्य को आगे बड़ाया।

» न्यूज कैप्सूल »

## बिजली उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने सुनी समस्याएं

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार सुबह 4 बजे भोपाल एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुंचते ही एक्शन में नजर आए। उन्होंने रेलवे स्टेशन से महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा एफओसी के तहत दर्ज विद्युत शिकायतों का, उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर बात कर निराकरण किया। श्री तोमर ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बेवजह का विद्युत अवरोध नहीं होना चाहिए। यथासंभव उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ऊर्जा मंत्री तोमर के साथ मुख्य अभियंता अमित श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता।

## भोपाल के तालाब में डल झील जैसे नजारे

### हनीमून डेस्टिनेशन बनाने की तैयारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जल्द ही कश्मीर की डल झील जैसे नजारे देखने को मिलेंगे भोपाल के बड़े तालाब में जल्द ही शिकारा राइड शुरू होने जा रही है मध्य प्रदेश पर्यटन निगम ने 10 शिकारे कश्मीर से बुला लिए हैं 10 शिकारे और जल्द ही आने वाले हैं पर्यटन निगम के एमडी डॉक्टर इलैयाराजा के अनुसार भोपाल के बड़े तालाब में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शिकारे का आनंद भोपाल के बड़े तालाब में लिया जा सकेगा भोपाल में उसके लिए बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है जो नव दंपति हनीमून मनाने श्रीनगर और कश्मीर जाते हैं उनके लिए मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कश्मीर जैसे नजारे भोपाल में मिलेंगे। बड़े तालाब में पर्यटन निगम ने पेडल वोट और साइकिल वोट शुरू की है जल्द ही शिकारे का संचालन शुरू हो जाएगा। भोपाल का बड़ा तालाब किसी मायने में कश्मीर की डल झील से कम नहीं है। भोपाल को बड़ा पर्यटन केंद्र बनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु हरगोबिंद सिंह साहिब के प्रकाश पर्व पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों को सिख धर्म के छठवें गुरु हरगोबिंद सिंह साहिब के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर कहा कि गुरु हरगोबिंद जी शौर्य एवं वीरता के पर्याय थे। उन्होंने समाज के शोषित, वंचित और कमजोर वर्ग की सेवा कर धर्म एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। लोक कल्याण के संकल्प की सिद्धि में गुरु हरगोविंद सिंह का प्रेरणादायक जीवन एवं पथ प्रदर्शन अनंतकाल तक अनुकरणीय रहेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर को दी जन्मदिन की बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को जन्म वर्षगांठ की बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर कहा कि श्री तोमर पर बाबा महाकाल की कृपा सदैव बनी रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री तोमर के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

## पीएमएफएमई योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आज

**भोपाल।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत एक दिवसीय डीआरपी-बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन 13 जून को सुबह 10 बजे से आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन आकदमी भोपाल में आयोजित की जायेगी। उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे। कार्यशाला में योजना के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिये जिला रिसोर्स पर्सन, समस्त बैंक प्रतिनिधियों के साथ साझा मंच पर संवाद किया जायेगा।

## बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों को एक हजार से पच्चीस हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति

**भोपाल।** केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत प्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट, लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# मप्र में 15 जून को मानसून की एंट्री के आसार

## ग्वालियर समेत 12 जिलों में गर्मी का प्रकोप

**भोपाल।** मप्र में मानसून की एंट्री 14 या 15 जून को हो सकती है। मौसम विभाग ने यह संकेत दिए हैं। वहीं, 12-13 जून को प्रदेश में भीषण गर्मी रहेगी। शुक्रवार को ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इनमें से 7 जिले-भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में ऑरेंज अलर्ट है। इससे पहले, पिछले 24 घंटे के दौरान कुल 21 जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर रहा। इनमें पन्ना, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पांढुर्णा, बैतूल, हरदा, विदिशा, रायसेन, भोपाल, सीहोर, शाजापुर, देवास, इंदौर, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर और धार शामिल हैं।

बारिश के साथ सीहोर में 74 किलो, इंदौर-हरदा में 52 किलो, भोपाल-बड़वानी में 39 और बैतूल में 34 किलो प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के आसपास के इलाके में आंधी की रफ्तार 50 किमी से अधिक रही। वहीं, बुधवार को लगातार 5वें दिन भी भीषण गर्मी का असर देखा गया। ग्वालियर समेत 6 शहर ऐसे रहे, जहां पारा 44 डिग्री या इससे अधिक पहुंच गया। सबसे गर्म छतरपुर जिले का नौगांव रहा। यहां तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुना में 44.5 डिग्री, ग्वालियर-शाजापुर में 44.2 डिग्री और शिवपुरी-टीकमगढ़ में 44 डिग्री रहा। बड़े शहरों में भोपाल में 42.6



डिग्री, इंदौर में 41.6 डिग्री, उज्जैन में 42.8 डिग्री और जबलपुर में तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह खजुराहो (छतरपुर) में 43.6 डिग्री, नर्मदापुरम में 43.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 43.2 डिग्री, सागर में 42.6 डिग्री, दमोह में 42.5 डिग्री, सतना में 42.4 डिग्री, धार में 42.3 डिग्री, सीधी में 42.2 डिग्री, रीवा में 42 डिग्री, रतलाम में 41.6 डिग्री, उमरिया में 41.5 डिग्री और खरगोन में पारा 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शाम होते ही कई शहरों में मौसम बदल गया। भोपाल में रात करीब 9 बजे तेज हवाओं के बारिश होने लगी। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। टीकमगढ़ के मऊ घाट में भी शाम को गरज-चमक के साथ बारिश हुई। यहां चने के आकार के ओले भी गिरे है। विदिशा और रायसेन में भी बारिश हुई है। भोपाल में कई जगहों पर पेड़ गिर गए। इस वजह से ट्रैफिक भी बाधित रहा। गुरुवार सुबह तक पेड़ों को हटाने का दौर चला। नगर निगम के अनुसार, करीब 100 जगहों पर पेड़ या उनकी टहनियां गिर गईं। इसके अलावा शाहपुरा समेत 50 से अधिक इलाकों में रातभर बिजली गुल रही।

## दलबदल की शिकार कांग्रेस का बड़ा फैसला

### दलबदलुओं को 5 साल तक नहीं देंगे कोई पद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में यदि दलबदल के दृष्टिकोण से देखा जाए तो बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेताओं ने ही अपनी पार्टी को गुड बाय कहा है। यह सारे नेता अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। ऐसी स्थिति में कल कांग्रेस की ओर से एक अनूठे फैसले की घोषणा की गई। कांग्रेस ने कहा है कि दूसरे दल से कांग्रेस में आने वाले नेताओं को 5 साल तक कोई पद नहीं देंगे। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी तो उसके बाद सबसे बड़ा दलबदल हुआ था। इस दलबदल में एक साथ 28 विधायकों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। उसके बाद से अब तक सैकड़ों कांग्रेस नेता अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब तो स्थिति यह है कि कई बार चुनाव में कांग्रेस को मैदान में उतारने के लिए योग्य प्रत्याशी भी नहीं मिल पाता है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस द्वारा एक बड़ा और अनूठा फैसला लिया गया है।

# मजाक या सुविधा... क्यूआर कोड से शराब खरीदने से पहले ढूंढना होंगे कई विकल्प

### क्यूआर कोड से शराब खरीदने जाएंगे तो पीने से पहले नशे उड़ जाएंगे

### शराब की हर बॉटल पर लिखी है कीमत, फिर भी आबकारी विभाग ने जारी किया क्यूआर कोड

### शराब ठेकेदारों को निर्देश हर दुकान पर तीन स्थानों पर लगाएं कोड, जिसे स्कैन कर पता कर सकेंगे कीमत

### क्यूआर कोड से कीमत पता करने के लिए आपके पास स्मार्टफोन और अंग्रेजी का ज्ञान जरुरी

**भोपाल।** आबकारी विभाग द्वारा शुक्रवार से प्रदेश में एक नई व्यवस्था लागू की है। दुकानदार शराब की ज्यादा या कम कीमत ना ले सकें, इसलिए अब दुकानों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिसे स्कैन करने बाद आप



शराब की कीमत जान सकेंगें, लेकिन इस कीमत को जानने के लिए इतने विकल्प चुनना पड़ेंगे कि शराब की बोतल खरीदने से पहले ही पियक्कड़ों के नशे उड़ जाएंगे।

स्मार्ट बनने के चक्कर में आबकारी विभाग की यह व्यवस्था शराब की कीमत पता करने को और जटिल बना रही है। आबकारी विभाग द्वारा जारी किए गए कोड को स्कैन करने पर एक पेज खुलेगा, जहां कई विकल्पों का चयन करने के बाद आपको शराब की एमआरपी (मेक्जीमम रिटेल प्राइज) और एमएसपी (मिनिमम सेलिंग प्राइज) पता चल सकेगी। हालांकि इस व्यवस्था लागू होते ही सवालों के घेरे में है, क्योंकि पहले से शराब दुकानदारों को दुकानों में शराब की रेट लिस्ट लगाने के निर्देश हैं। साथ ही शासन के पैकेजिंग नियम के तहत बॉटलों पर एमआरपी और एमएसपी लिखना पहले से ही अनिवार्य है, जिसका पूरी तरह पालन भी हो रहा है। ऐसी स्थिति में कीमत पता करने के लिए इतने प्रपंच करने के बजाए बॉटल उठाकर सिर्फ कीमत देखना कहीं ज्यादा आसान है। दुकानदार अगर किमत कम या ज्यादा ले रहा है तो बॉटल दिखाकर ही उस पर आपत्ति ली जा सकती है और इसी आधार पर उसकी शिकायत भी की जा सकती है। ऐसी स्थिति में क्यूआर कोड व्यवस्था सिर्फ टाइमपास से ज्यादा कुछ नहीं है।

### आसान नहीं है कोड से कीमत पता करना

आबकारी विभाग ने जो क्यूआर कोड तैयार किया गया है, जिसे हर शराब दुकान पर लगाना जरुरी है उससे शराब की कीमत पता करना आसान नहीं है। इसके लिए सबसे पहले तो आपके पास स्मार्टफोन, उसमें इंटरनेट कनेक्शन और साथ में अंग्रेजी का ज्ञान होना सबसे ज्यादा जरुरी है। इसके बाद जब आप क्यूआर कोड को स्कैन करते हैं तो ईआबकारी. एमपी. जीओवी.ईन का पेज खुलता है। इसमें सबसे पहले आपको मटेरियल ग्रुप में सिलेक्ट करना है कि आपको कौन सी शराब चाहिए, जैसे देशी, विदेशी या बियर। इसके बाद अगर आपने विदेशी चुना तो 12 विकल्प आ जाएंगे, जिसमें ब्रांडी, जीन, रम, टकिला, वोदका, व्हीस्की और वाइन जैसे कई नाम शामिल हैं। इसके बाद आप जो भी केटेगरी चुनते हैं उसमें उपलब्ध सभी शराब के नाम आ जाएंगे। इसमें आपको अपनी पसंदीदा शराब को चुनना है। तब जाकर आपको उसके मिनिएचर (90 एमएल), क्वाटर (180 एमएल), हाफ (375 एमएल) और बॉटल (750 एमएल) की कीमत की सूची नजर आएगी। शराब से नशा करने के बजाए इतनी लंबी प्रक्रिया पहले से नशा उतारने से कम नहीं है।

## आईआईएम इंदौर एडमिशन के प्रवेश सेंटर का मसला, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने लगाई गुहार एमपी के सीएम से

### शहर से दूर सेंटर होने की वजह से एक्जाम से हुए स्टूडेंट वंचित

**भोपाल।** दिल्ली शहर से दूर परीक्षा सेंटर बनाए जाने को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आपत्ति दर्ज करवाते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखा है। आईपीएमएटी इंदौर प्रवेश परीक्षा के दिल्ली में बनाए गए सेंटर पर सवालिया निशान लगाए है।

शहर से दूर होने की वजह से कई छात्र-छात्राएं परीक्षा नहीं दे सके। अब परीक्षा से वंचित छात्र एवं छात्राओं को दोबारा परीक्षा दिलवाए जाने की गुहार दिल्ली की मुख्यमंत्री ने लगाई है। इससे सेंटर की जिम्मेदारी निभाने वाले नुमाइंदो में हडकंप की स्थिति बन गई है।

### क्या है मामला

दरअसल, एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम के लिए आईपीएमएटी इंदौर प्रवेश परीक्षा आईआईएम इंदौर के द्वारा 12 मई को आयोजित की गई थी। उक्त प्रवेश परीक्षा के केन्द्रों में से एक परीक्षा सेंटर पवन गंगा एजुकेशनल सेंटर हिरणकुदना रोड़, रोहतक रोड दिल्ली का भी था। चूंकि उक्त सेंटर की शहर से दूरी ज्यादा होने की वजह से 100 से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देने से वंचित रह गए।

### यह लिखा दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पत्र में

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजकर कहा है कि आईपीएमएटी इंदौर प्रवेश परीक्षा इंदौर द्वारा आयोजित की गई थी। यह परीक्षा आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में 5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रमों में प्रवेष के लिए एक प्रवेश परीक्षा हुई थी। उक्त परीक्षा में पवन गंगा एजुकेशनल सेंटर हिरणकुदना रोड, रोहतक रोड दिल्ली का सेंटर शहर से दूर होने की वजह से 100 अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देने से वंचित रह गए। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव से छात्रों के भविष्य को देखते हुए व्यक्तिगत अनुरोध करते हुए पत्र में लिखा है कि शहर की दूरी की वजह से पवन गंगा एजुकेशनल सेंटर हिरणकुदना रोड परीक्षा केन्द्र को बदला जाए ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को ऐसी समस्याओं का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा है कि यदि संभव हो तो, नियमानुसार राहत प्रभावित छात्रों और इस केन्द्र के अन्य छात्रों को दी जाए।

# कूनो, गांधीसागर के बाद चीतों का मप्र में तीसरा ठिकाना

### नौरादेही अभयारण्य में 30 किमी एरिया में रहेंगे चीते, एनटीसीए ने तय किया क्षेत्र

**भोपाल।** प्रदेश में चीतों का तीसरा ठिकाना सागर जिले का नौरादेही अभयारण्य बनेगा। कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद यहां चीतों की बसाहट के लिए वन विभाग की टीम काम में जुट गई है। इसको लेकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एक टीम मई में अभयारण्य का विजिट कर चुकी है और इस टीम ने अभयारण्य के दायरे में आने वाले मोहली, झापा और सिंगपुर की तीन श्रेणियों में फैले 30 किलोमीटर के क्षेत्र को चीतों के लिए तैयार करने का फैसला किया है।

सागर और दमोह जिलों के पठारी इलाके में स्थित नौरादेही अभयारण्य साल, सागौन, महुआ, बांस और बेल के पेड़ों से भरा एक पर्णपाती जंगल है, यहां घास के मैदान हैं जो शाकाहारी जानवरों के लिए उत्तम चारागाह है। यहां मृग और जंगली सुअर जैसे अन्य जानवरों सहित पर्याप्त शिकार है। इसके साथ ही वन विभाग पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से चीतल या चित्तीदार हिरणों के शिफ्टिंग की व्यवस्था में भी जुटा है। नौरादेही वर्ष 2010 में चीतों के लिए प्राथमिकता वाले स्थलों में शामिल था लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया था। अब फिर इसको लेकर कवायद तेज हुई है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन शुभरंजन सेन ने इसकी पुष्टि की है।

### 13 गांव होंगे विस्थापित

एनटीसीए में वन उप महानिरीक्षक वैभव माथुर की मौजूदगी वाली निरीक्षण टीम जिन तीन रेंज मोहली, झापा और सिंगपुर को चीतों के रहवास के लिए उचित माना है, उसमें कुल 13 गांव हैं जहां के लोगों का पुनर्वास किया जाएगा। यहां 30 किलोमीटर के क्षेत्र को बाड़ेबंदी भी की जाएगी। वन टीम ने इन 13 गांवों के पुनर्वास के लिए 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मांगी है। अभयारण्य में रिक्त पदों को भरने के लिए नौरादेही में पशु चिकित्सकों की भी तैनाती की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार नौरादेही अभयारण्य में कुल 93 गांव थे, जिनमें से 44 को बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है। 49 गांव अभी भी अभयारण्य के भीतर हैं। वन विभाग वर्तमान में तीन और गांवों के लोगों के पुनर्वास का काम कर रहा है जबकि मोहली गांव सहित सात अन्य गांवों को इस साल के अंत में पुनर्वास के लिए चुना जाएगा।

### 2022-23 में कूनो में लाए गए हैं चीते

वर्ष 1952 में भारत में चीतों के विलुप्त होने के बाद सितंबर 2022 में नामीबिया से 8 चीतों को लाया गया था। फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से और 12 चीतों को लाया गया। इन्हें भी कूनो में रखा गया जिससे भारत में चीतों की कुल संख्या 20 हो गई। पिछले दो वर्षों में इन चीतों ने कुल 26 शावकों को जन्म दिया, लेकिन केवल 19 ही जीवित बचे। 12 वयस्क और 19 शावकों के साथ, भारत में चीतों की कुल संख्या वर्तमान में 31 है। इस साल अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों में से दो वयस्क नर चीते, पवन और प्रभास को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित कर दिया गया था जिसे देश में बड़ी बिल्लियों के लिए दूसरे घर के रूप में विकसित किया गया है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्षों के लिए कवायद

### आलाकमान के इंटरव्यू के बाद फाइनल होगा नाम

**भोपाल।** मप्र में कांग्रेस जिला अध्यक्षों के लिए कवायद शुरू हो गई है। जिलों में नया नेतृत्व खोजने पार्टी के 200 नेता निकले हैं। लगातार बैठकर नेताओं और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा लोगों से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और आलाकमान इंटर-व्यू लेगा उसके बाद जिला अध्यक्षों का नाम फाइनल होगा। दरअसल 30 जून तक पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलेगा। इसी कड़ी में जिला अध्यक्षों के लिए 6-6 नामों का पैनल तैयार कर आलाकमान को भेजा जाएगा। पैनल में शामिल नामों को दिल्ली बुलाकर इंटरव्यू लिया जाएगा। इंटरव्यू में जो पास होगा उसको जिला अध्यक्ष की कमान मिलेगी। कांग्रेस हाईकमान के इस कदम से प्रदेश में ब्याप्त गुटबाजी पर विराम लगेगा। वहीं नए जिला अध्यक्ष हाईकमान द्वारा तय किए जाने के बाद किसी गुट विशेष नेता का लेबल भी नहीं लगेगा।

## बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के प्रयासों में सरकार के सहभागी बनें नागरिक - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के नागरिकों से आहवान किया है कि वे बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए अभावग्रस्त बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और समानता प्रदान करने के प्रयासों में सरकार के सहभागी बनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक्स पर कहा कि एक सभ्य समाज में बाल श्रम के लिए कोई स्थान नहीं है, इस सामाजिक अपराध पर अंकुश लगाना सभी नागरिकों का कर्तव्य है।

# जुलाई के तीसरे हफ्ते में हो सकता है मानसून सत्र

### विधानसभा सचिवालय तैयारियों में जुटा

**भोपाल।** विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में शुरू होगा। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच चर्चा के बाद सत्र की अवधि और सत्र शुरू करने की तारीख फाइनल होगा। इस बार विधानसभा में ई-विधान के जरिये पूरी कार्यवाही की जानी है, इसके लिए भी तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि ई-विधान को लेकर विधानसभा सचिवालय विभागीय तौर पर तेजी से काम कर रहा है और पिछले दिनों एनईवीए को लेकर विधानसभा में एनआईसी की ओर से प्रजेंटेशन दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा के अफसरों को अब तक की तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया है। ई-विधान की तैयारियों के बीच विधानसभा सचिवालय द्वारा 35 आल इन वन कम्प्यूटर खरीदे जाएंगे। आल इन वन कम्प्यूटर में सीपीयू, मॉनिटर, बैटरी बैकअप, स्पीकर सभी एक साथ होते हैं। इसके लिए अलग से पार्ट्स की खरीदी नहीं करनी पड़ती है। यह 35 कम्प्यूटर विधानसभा सत्र की कार्यवाही के दौरान उपयोग किए जाएंगे। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर बुलाए हैं जो 18 जून को खोले जाएंगे।

### अब ई ऑफिस से जाएंगे विधानसभा के जवाब

विधानसभा की कार्यवाही में ई-विधान सिस्टम लागू करने के साथ ही मानसून सत्र में भेजे जाने वाले जवाब भी ई-ऑफिस से भेजे जाएंगे। इसको लेकर विभाग प्रमुखों ने अधीनस्थ अफसरों और जिला अधिकारियों से कहा है कि विधानसभा के मानसून सत्र के प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण, याचिका आदि इसी माध्यम से ही भेजे जाएं। इसके जरिये सरकार विधानसभा से संबंधित प्रक्रिया को भी ई आफिस के दायरे में ला रही है। ई-विधान जिसे नेवा (नेशनल ई विधान एप्लीकेशन) के रूप में भी जाना जाता है, यह भारत सरकार की मिशन मोड परियोजना है जो सभी राज्य विधान मंडलों को डिजिटल और कागज रहित बनाने के लिए डिजाइन की गई है। इसका उद्देश्य सभी राज्य विधान मंडलों को पेपरलेस करना, विधायी प्रक्रिया को ऑनलाइन करना है। जिसमें प्रश्न पूछना, विधेयक पेश करना और चर्चा करना शामिल है। विधायकों के बीच सूचना और दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी इसी माध्यम से होगा। साथ ही सार्वजनिक पोर्टल पर विधायी सामग्री प्रकाशित करने, सदन की कार्यवाही को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड करने और सार्वजनिक करने की प्रक्रिया इसमें अपनाई जाएगी।

# शहरों में हरियाली बढ़ाने के गुर सीखेंगे जनप्रतिनिधि

### मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, नपा अध्यक्ष को ट्रेनिंग देगा नगरीय विकास विभाग

**भोपाल।** बढ़ती गर्मी और सीमेंट कांक्रीट से पटते शहरों के कारण बिगड़ रही आबोहवा में बदलाव लाने नगरीय विकास और आवास विभाग ने कवायद शुरू की है। इसके लिए प्रदेश के नगरीय निकायों में हरियाली वाले क्षेत्र का विस्तार करने और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को बढ़ावा देने राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अफसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष शामिल होंगे।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 13 जून को राजधानी के रवीन्द्र भवन में इसी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसे अमृत हरित अभियान नाम दिया गया है। कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का प्रसार करना है। नगरीय विकास और आ?वास विभाग ने इसके निर्देश सभी नगरीय निकायों को जारी कर दिए हैं। कार्यशाला में मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### हर नगर निगम से 6 प्रतिनिधि आएंगे

कार्यशाला में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। हर नगर निगम से 6, नगरपालिका परिषद से 4 और नगर परिषद से 2 प्रतिभागियों की उपस्थिति रहेगी। कृषि और उद्यानिकी से संबंधित उत्पादों एवं यंत्रों की प्रदर्शनी के साथ ही नर्सरी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। विभिन्न संस्थानों जैसे इफ्को एवं भारतीय प्रबंध संस्थान के विषय-विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। स्थानीय वृक्ष प्रजातियों की विशेषता एवं संरक्षण, जैव-विविधता एवं जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की जाएगी। बगीचों के लिए तकनीक एवं उपकरण की आवश्यकता, पौधरोपण और अधिनियमों का विश्लेषण तथा पौधरोपण के बाद उसके समुचित प्रबंधन पर चर्चा होगी।

### हरित क्षेत्र बढ़ाने की यह रहेगी रणनीति

कार्यशाला में दिव्यांग पार्क, होशंगाबाद एवं उज्जैन की सफलता की कहानियों को भी साझा किया जाएगा। इन कहानियों पर आधारित फिल्म का प्रजेंटेशन किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी नगरीय निकायों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। पौध-रोपण कार्य में शामिल शासकीय और अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि भी कार्यशाला में भाग लेंगे।

## संपादकीय

# हमास को बागी योद्धाओं से नष्ट कराने की तैयारी में इजराइल

**इजराइल** सर्वशक्ति संपन्न होते हुए भी हमास का खत्मा नहीं कर पाया। पिछले कई महीनो से इजराइल और गाजा के बीच में युद्ध चल रहा है। इजराइल ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। हजारों लोग मारे जा चुके हैं। महिलाएं और बच्चे भी इस युद्ध में बड़ी संख्या में मारे गए हैं। गाजा में भुखमरी फैली हुई है। घायलों को अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है। डॉक्टर नहीं हैं, दवाइयां नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे आहार नहीं मिलने के कारण हजारों की संख्या में मारे गए हैं। इसके बाद भी इजराइल, हमास के योद्धाओं को खत्म नहीं कर पाया। पिछले 20 वर्षों से हमास का कब्जा गाजा पर है। इजराइल ने साम दाम दंड-भेद हर तरह के प्रयास कर लिए हैं। इसके बाद भी हमास का खत्मा नहीं हो पाया। इजराइल ने अब एक नई रणनीति तैयार की है। जिसके अनुसार हमास के बागियों को ही हमास को नष्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पॉपुलर फोर्सेज के लीडर यासर अबू शवाब हैं। यह संगठन खुद को आतंकवाद मिटाने वाला संगठन बताता है। कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरे और अपराधियों का संगठन मानते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में हमास को जड़-मूल से समाप्त करने की जिम्मेदारी अब पॉपुलर फोर्स को दे दी है। इसे हमास संगठन के बारे में सभी जानकारी है। सभी ठिकाने और उनकी ताकत के बारे में जानकारी होने के कारण इजराइल की सरकार ने अब कांटा से कांटा निकालने की रणनीति अपनाई है। अबू शवाब का संगठन अभी छोटे-छोटे अपराधों में लिप्त था। इजराइल सरकार का समर्थन मिलने के बाद एकाएक इसकी ताकत बहुत बढ़ गई है। यह संगठन अभी दक्षिणी गाजा में सक्रिय है। इस संगठन के लोग फिलीस्तीनी झंडे और काउंटर टेररिज्म यूनिट की वर्दी पहनकर अपने आप को आतंकवाद को खत्म करने वाला संगठन बताते हैं। अनादि काल से फूट डालो और राज करो की नीति चली आ रही है। इस नीति के माध्यम से सत्ता पर कब्जा तो कर लिया जाता है, लेकिन सत्ता ज्यादा दिनों तक चलती नहीं है। इजराइल इतने लंबे समय के बाद भी जब हमास को नियंत्रित नहीं कर पाया। ऐसी स्थिति में अब उसने हमास के बागियों को हमास के खिलाफ उतार दिया है। इन्हें इजरायल की सेना द्वारा भारी मात्रा में हथियार और धन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बैट ने जो कार्य योजना तैयार की है, उसको प्रधानमंत्री नेतन्याहू की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस कार्य योजना में हमास को पूरी तरह से खत्म करने के लिए नए उग्रवादी संगठन को पूरी ताकत के साथ खड़ा किया जा रहा है। हमास के लिए यह विभीषण साबित होंगे। सारी गोपनीय जानकारी यह इजराइल की सरकार को देंगे। संयुक्त रूप से हमास के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेज करेंगे। इजराइल को लगता है, इस रणनीति के तहत इजराइल गाजा की लड़ाई को जल्द समाप्त कर देगा। इस समय सारी दुनिया में इजराइल-गाजा तथा रूस और यूक्रेन के बीच में जो युद्ध चल रहा है, वह काफी विनाशकारी साबित हुए हैं। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया की चिंता इन दोनों युद्ध को समाप्त कराने की है। इसमें अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा अभी तक जो प्रयास किए हैं, उसमें कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए हैं। गाजा में जिस तरह के हालात हैं, वह पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले है। इजराइल, रूस और यूक्रेन के सामने आज सारी दुनिया के देश बेबस नजर आ रहे हैं। जो नेता सत्ता के सिंहासन में बैठे हुए हैं, वह इतने अहंकारी हो गए हैं। संवेदनशीलता जैसी कोई स्थिति उनमें देखने को नहीं मिल रही है। मानवता पूरी दुनिया में शर्मसार हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हाथ पर हाथ रख कर बैठा हुआ है। रेड क्रॉस जैसी संस्थाएं कहां चली गई, इसका भी पता नहीं लग पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद का जैसे कोई अस्तित्व ही नहीं रह गया है। निश्चित रूप से हमास इस समय सबसे कमजोर है। फिर भी वह अपनी लड़ाई लड़ रहा है। हमास के बागी कितना नुकसान पहुंचा पाएंगे यह भविष्य की गर्त में होगा। इतना तय है, हमास का अस्तित्व खत्म नहीं होगा। हां कुछ समय के लिए इजराइल को जरूर अपनी पीठ थपथपाने का मौका मिल जाएगा। जब सत्ता पर बैठे हुए लोग आतंकवाद को फैलाते हैं, तब मानव सभ्यता और मानव समाज को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसकी भरपाई आसानी से नहीं हो पाती है। हिंसा को कभी हिंसा के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ और मानव अधिकार आयोग जैसे संगठनों की वर्तमान स्थिति में जिम्मेदारी बढ़ जाती है। धर्म गुरुओं को भी इस मामले में आगे आना चाहिए। कोई भी धर्म इस तरह की हिंसा का समर्थन नहीं करता है। विचारधारा और स्वतंत्रता को खत्म करना नामुमकिन है। एक दूसरे का सम्मान करके ही स्वतंत्रता और विचारधारा को पोषित किया जा सकता है। शांति के साथ जीवन जीने के लिए यह बात सभी को समझनी होगी।

– सनत जैन

## राज काज

### थरूर को मंत्री बनाने तैयार है भाजपा

दिल्ली दरबार में चर्चा है। शशि थरुर को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया जा सकता है। उन्हें विदेश मंत्री बनाया जाएगा। शशि थरूर कह रहे हैं, उन्हें 19 जून को राज्यसभा की जिन आठ सीटों पर चुनाव होना है। उस चुनाव में राज्यसभा का सांसद निर्वाचित कराया जाए। भाजपा अगले साल अप्रैल में उन्हें राज्यसभा में भेजना चाहती है। थरूर मंत्री बन जाएंगे, तो 6 माह के अंदर उन्हें चुनाव लड़कर संसद में पहुंचना होगा। यह रिस्क लेने के लिए शशि थरूर तैयार नहीं है। इसी पर बात अटकी हुई है। भाजपा 19 जून को होने वाले राज्यसभा के चुनाव में मात्र दो सीटों पर ही अपने सदस्य जिता सकती है। भाजपा ने दो सीटों के लिए पहले से ही नाम तय कर रखे हैं। थरूर को समझ नहीं आ रहा, वह करें तो क्या करें। 2 पाटों के बीच में फंसे हुए हैं।

### जम्बो जेट मंत्रिमंडल का गठन करेंगे मोदी

केंद्रीय मंत्रिमंडल में अभी 77 सदस्य हैं। नियमों के अनुसार 81 मंत्री बनाए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बार 80 मंत्री बना सकते हैं। एक मन्त्री पद इमरजेंसी के लिए छोड़कर रखना चाहते हैं। नए मंत्रियों को बनाने के लिए भाजपा के कुछ मंत्रियों का बेरोजगार होना तय है। सहयोगी पार्टी के मंत्रियों को नहीं हटाया जा सकता है। निश्चित रूप से भाजपा कोटे के मंत्रियों को हटाना पड़ेगा। बिहार से एक मंत्री बनना तय है। शशि थरूर का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। एनसीपी का भी कम से कम एक मंत्री बनना तय है। इसके अलावा भी और कई मंत्री सहयोगी दलों के बनाए जाने हैं। माना जा रहा है, आधा दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्रिमंडल के भाजपा कोटे के मंत्रियों को पद छोड़ना पड़ेगा। सहयोगी दलों के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल में लॉटरी खुलने जा रही है। जिसके कारण भाजपा के वर्तमान मंत्री जिनकी परफॉर्मेंस अच्छी नहीं है। वह सबसे ज्यादा चिंतित दिख रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्रियों के चेहरे लटके

2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिमंडल का पुनर्गठन किया था। उनमें नए 36 चेहरों को मोदी ने मंत्रिमंडल में शामिल किया था। 7 पुराने मंत्रियों को प्रमोट किया था। एक ही झटके में नामी चेहरे जिसमें रविशंकर प्रसाद से लेकर प्रकाश जावड़ेकर, डॉक्टर हर्षवर्धन, थावरचंद गहलोत, रमेश पोखरियाल जैसे कद्दावर नेताओं को मोदी जी ने एक झटके में बाहर कर दिया था। इस बार भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री जयशंकर तथा पेट्रोलियम मंत्री हरदीपसिंह पुरी के छुट्टी होने की बात कही जा रही है। मंत्रिमंडल के पुनर्गठन को लेकर भाजपा संगठन और केंद्रीय मंत्रिमंडल में हड़कंप मचा हुआ है।

# बच्चे हर देश के सुनहरे भविष्य की नींव

वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों, दवा उद्योग, खेत खलियानों गृहउद्योग, इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है, क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे-छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं। दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे-छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने, खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं। अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो ट्रैफ़िक सिग्नल चौराहों स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते, सामान बेचते, हमें दिखते रहते हैं। यह नज़ारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कहा कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई कीआवश्यकता है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025-बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है।



-किशन सनमुखदास भावनानी

साथियों बात अगर हम 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लक्ष्य की करें तो, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, जिसे हर साल 12 जून को मनाया जाता है, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) द्वारा बाल शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करने और इसे मिटाने के प्रयासों को संगठित करनेके लिए शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2025 और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह आइएलओ और यूनिसेफ़ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए बाल श्रम पर नए वैश्विक अनुमानों और रुझानों के जारी होने के साथ मेल खाता है। यह महत्वपूर्ण डेटा वैश्विक नीतिगत बहसों का मार्गदर्शन करेगा और सतत विकास लक्ष्य लक्ष्य 8.7 को प्राप्त करनेकी दिशामें प्रयासों को फिर से सक्रिय करेगा। 2025 तक सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने का एक लक्ष्य रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, सभी देशों को 2025 तक बाल श्रम को



विश्व बालश्रम निषेध दिवस

समाप्त करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 8.7 में शामिल है, जो सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करने का आह्वान करता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशनबाल अधिकारों पर लगातार काम कर रहा है फांडेशन की ओर से बाल मजदूरी पर एक जानकारी दी गई है, इसमें बाल मजदूरी से संबंधित कई जानकारी दी गई है, जनगणना 2011 के डेटा के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ (10.1 मिलियन) है, इसमें से 0.560 करोड़ (5.6 मिलियन) लड़के और 0.45 करोड़ (4.5 मिलियन) लड़कियां हैं, वहीं हाल के वैश्विक अनुमान के अनुसार 2020 की शुरुआत में वैश्विक स्तरपर 16 करोड़ (160 मिलियन) बच्चे-6.300 करोड़ (63 मिलियन) लड़कियां और 9.700 करोड़ (97 मिलियन) लड़के - बाल श्रम में थे, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग 10 में से 1 है, भारत भर में बाल मजदूर कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों जैसे ईंट भट्ठों, कालीन बुनाई, परिधान निर्माण, घरेलू सेवा, खाद्य भोजनालयों, गन्ना खेतों, मत्स्य पालन और खनन में पाए जा सकते हैं. बच्चों को यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफी के उत्पादन सहित कई अन्य प्रकार के शोषण का भी खतरा है। साथियों बात अगर हम भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की करें तो, भारत में बाल श्रम उन्मूलन के लिए, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) जैसी नीतियां और योजनाएं शुरू की गई हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 ने बाल श्रम के खिलाफ कानूनी ढांचे को मजबूत किया है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए की गई प्रमुख पहलेंबाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986ग्यह अधिनियम 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी व्यवसाय में काम करने से रोकता है, और 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों में काम करने से रोकता है, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009ग्यह सभी बच्चों को 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान करता है, जो बाल श्रम को कम करने में मदद करता है। राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) ग्यह परियोजना बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को गैर-औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मध्याह्न भोजन, वजीफा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करती है, और उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल करती है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016ग्इस संशोधन के तहत, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी व्यवसायों में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसमें पारिवारिक उद्यमों में काम करना भी शामिल है,, बालश्रम से संबंधित मामलों पर राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन प्राधिकरण (एनसीएलए) का गठनग्यह प्राधिकरण बाल श्रम को खत्म करने में मदद करता है, और बाल श्रम से संबंधित मामलों पर कानूनी कार्रवाई करता है। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग, बाल संरक्षण विभाग, पोलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना ज़रूरी। देखा जाए तो बाल श्रमिक निम्नलिखित रुप से काम करते हैं? बाल मज़दूर - वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मज़दूरी या बिना मज़दूरी में काम कर रहे हैं। गली - मोहल्ले के बच्चे - कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले। बंधुआ बच्चे - वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता-पिता ने पैसों की ख़ातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज़ को चुकाने के चलने मज़बूरन काम कर रहे हैं। वर्किंग चिल्ड्रन - वे बच्चे जो कृषि में और घर-गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं। यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे - हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं। घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे - घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज़्यादा है - बच्चे छोटे भाई-बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ-सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं। हालांकि इन गतिविधियों को रोकने के लिए भारत में अनेक कानून कायदे बने हैं जैसे कि, खदानअधिनियम1952-18 साल से कम आयु वाले बच्चों को खदानों में काम करने पर प्रतिबन्ध लगाता है परंतु मेरा मानना है कि संबंधित विभाग शायद इस और ध्यान नहीं दे पा रहा है। साथियों बात अगर हम हर साल बाल श्रम निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियाभर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसको मनाए जाने का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ने के लिए जागरूक करना है।

## सुविचार

विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजो में अंतर रखते हो, लेकिन सभी इस बात पर एकमत है कि दुनिया में कुछ नही बस सत्य जीवित रहता है।

- महात्मा गांधी

उन लोगो के अटल साहस से ज्यादा प्रभावशाली कुछ भी नहीं है, जो अपनी आजादी और सम्मान के लिए दुःख सहने और त्याग करने के लिए तैयार है।

- मार्टिन लूथर किंग जेआर

## प्रसंग

### स्वाभिमान

कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति का एक पत्र पाकर पं. मदन मोहन मालवीय असमंजस में पड़ गए। वे बुदबुदाए - अजीब प्रस्ताव रखा है यह तो उन्होंने। क्या कहूँ, क्या लिखूँ? पास बैठे एक सजन ने पूछा, ऐसी क्या अजीब बात लिखी है पंडित जी उन्होंने। वे मुसकुराकर बोले, कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति महोदय, मेरी सनातन उपाधि छीन कर एक नई उपाधि देना चाहते हैं। वे लिखते हैं - यह कहकर वे पत्र पढ़ने लगे। उस पत्र में लिखा था - कलकत्ता यूनिवर्सिटी आपको डॉक्टरेट की सम्मानित उपाधि से अलंकृत करके अपने आपको गौरवान्वित करना चाहती है। हम भी गौरवान्वित हो सकेंगे। आप अपनी बेशकीमती स्वीकृति से शीघ्र ही सूचित करने की कृपा कीजिए। प्रस्ताव तो उचित ही है। आप ना मत कर दीजिएगा मालवीय जी महाराज, यह तो हम वाराणसी वासियों के लिए विशेष गर्व एवं गौरव की बात होगी। तभी एक अन्य सजन ने हाथ जोड़ कर कहा उनसे। अरे बहुत ही भोले हो भैय्ये तुम तो। वाराणसी के गौरव में वृद्धि नहीं होगी। यह तो वाराणसी के पांडित्य को जलील करने का प्रस्ताव है। बनारस के पंडितों को अपमानित करनेवाली तजवीज है यह। बहुत ही व्यथित मन से मालवीय जी बोले। अगले ही क्षण उन्होंने उस पत्र का उत्तर लिखा - मान्य महोदय! आपके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद। मेरे उत्तर को अपने प्रस्ताव का अनादर मत मानिएगा। मेरा पक्ष सुनकर आप उस पर पुनर्विचार ही कीजिएगा। मुझको आपका यह उपाधि वितरण प्रस्ताव अर्थहीन लग रहा है। मैं जन्म और कर्म दोनों से ही ब्राह्मण हूँ। किसी भी ब्राह्मण धर्म की मर्यादाओं के अनुरूप जीवन बिताता है। पंडित से बढ़कर अन्य कोई भी उपाधि नहीं हो सकती । मैं डाक्टर मदन मोहन मालवीय कहलाने की अपेक्षा पंडित मदन मोहन मालवीय कहलवाना अधिक पसंद करूँगा। आशा है आप इस ब्राह्मण के मन की भावना का आदर करते हुए इसे डाक्टर बनाने का विचार त्याग कर पंडित ही बना रहने देंगे। वृद्धावस्था में भी मालवीय जी तत्कालीन वाइसराय की कौंसिल के वरिष्ठ काउंसलर थे। उनकी गहन और तथ्यपूर्ण आलोचनाओं के बावजूद वाइसराय उनकी मेधा, सौजन्य, सहज पांडित्य आदि के क़ायल थे।

## जरा हटके

### रोबो, आने वाले सालों में इंसानों को गुलाम बना देगा

**वाशिंगटन, (ईएमएस)।** हाल ही में तकनीकी विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने भविष्यवाणी की है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अगले कुछ वर्षों में इंसानों से भी ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है।

यह विचार कई प्रमुख वैज्ञानिकों और तकनीकी नेताओं द्वारा व्यक्त किया गया है, जिसमें एलन मस्क और रे कुर्ज़वील शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक स्टडी में 8,590 वैज्ञानिकों, उद्यमियों और समुदायों के विचारों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि जल्दी ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चार कदम आगे निकलकर आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) में बदल जाएगा। अगर आप नहीं समझे, तब सीधे तौर पर इंसान से ज्यादा स्मार्ट बनकर उन्हें गुलाम बना लेगा। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल यानि 2026 में एजीआई का आगमन हो सकता है। हालांकि कुछ उद्यमियों का कहना है कि कि साल 2030 के दशक में एजीआई संभव हो सकता है। वहीं वैज्ञानिक कहते हैं कि अगले 15 सालों में ये हो सकता है। एजीआई यानि आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के आते ही हमारी ज़िंदगी में काफी बदलाव होने हैं, जिनकी शुरुआत



भी हो चुकी है। इसका सबसे डरावना अंत ये है कि हम अभी एआई चैटबोट्स पर हुक्म चलाते हैं लेकिन वहां हमसे स्मार्ट हुआ, वहां इंसानों की बुद्धि को अपने हिसाब से इस्तेमाल करेगा।

टेस्ला और स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि अगले साल के अंत तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी भी एक इंसान से ज्यादा बुद्धिमान हो सकता है। वहीं गूगल के पूर्व इंजीनियरिंग रे कुर्ज़वील ने भी एआई के विकास के बारे में कहा था कि साल 2029 तक एआई इंसानों की बुद्धिमत्ता के बराबर हो सकती है और 2045 तक एआई इंसानों से भी ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है।

## फोटो ऑफ द डे



आयरलैंड में बढ़ती हिंसा और आगजनी के बीच ही एक सड़क से निकलते हुए लोग। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

### अमेरिका में दर्पण

-उमेश अग्निहोत्री

अमेरिका के घरों में शीशे बहुत हैं। बाथरूम में शीशा तो ठीक है, घर में घुसते ही फॉयर में शीशा, लिविंग रूम में बुखारी के ऊपर एक शीशा। बेडरूम में ड्रेसिंग टेबल पर शीशा। खाने के कमरे में भी शीशा। तरह-तरह के शीशे, कहीं आयताकार, कहीं चौकोर, कहीं सिर्फ़ अपना चौचोटा देखने, और कहीं खुद को ऊपर से नीचे तक देखने के लिए आदमकद शीश। किसी भी कमरे में जाओ आपको उसमें कहीं-न-कहीं शीशा लगा ज़रूर मिलेगा।

मैं जब अमेरिका पहुँचा था, और रहने के लिए अपार्टमेंट ढूँढ़ रहा था, तो एक बार एक अपार्टमेंट में दाखिल होते ही लिविंग रूम की बुखारी पर लगे शीशे में खुद पर नज़र पड़ी। मुझे महसूस हुआ कि कमरे में कोई दूसरा भी है। उसके बाद जब बेडरूम के दरवाज़े के पीछे लगे शीशे में अपने को ऊपर से नीचे तक देखा, तो लगा जैसा खुद को नहीं, किसी अजनबी को देख रहा हूँ, क्योंकि उससे पहले कभी खुद को सिर से पाँव तर पूरा देखा नहीं था।

...नहीं शायद एक बार देखा था, वह तब जब नई दिल्ली में औद्योगिक प्रदर्शनी लगी थी, और उसमें एक मंडप के बाहर एक आदमकद शीशे में खुद को देखा था। मुझे आज भी याद है कि जब उस शीशे के आगे से निकला था, तो पहली प्रतिक्रिया यह हुई थी- ओह! तो दूसरों को, यानी जो मुझे मुजस्सम देखते रहे हैं, उनको मैं ऐसा गोल-मटोल, तोंदल नजर आता हूँ। और मैं कभी खुद को देखने के और कभी न देखने के चक्कर में, शीशे के आगे, दांय-बांय होता रहा था।

घरों में तो शीशे होते ही हैं। बाहर भी उनसे आप पूर्णतः मुक्त नहीं हो पाते। दिन में चार-चार घंटे बाद अगर चार बार भी कहीं किसी मेन्स या विमेंस रूम में जाना पड़ जाए, तो वहाँ भी आपकी, आप चाहें न चाहें. किसी शीशे में खुद से मुलाक़ात हो ही जाती है।

मैं कभी-कभी पश्चिमी समाज में शीशे के योगदान के बारे में सोचता हूँ तो इसी नतीजे पर पहुँचता हूँ कि इसने व्यक्ति को और समाज को बहुत बदला है। कभी घर में कभी घर के बाहर, जब आप बार-बार अलग-अलग रूपों में, कभी कपड़ों में और कभी निर्वस्त्र, खुद से रू-ब-रू होते रहते हैं, तो फिर एक दिन आता है जब आप अवचेतन रूप में, अपने चेहरे-मोहरे, बाहरी रंगरूप के बारे में सोचने लगते हैं। परिणामस्वरूप आप आत्म-केंद्रित होते चले जाते हैं। तब आप अपनी छवि सुधारना चाहते हैं और चूँकि बात अपनी छवि सुधारने की होती है, आप अपने पर खुद कर खर्च करते हैं।

यह भावना उन समाजों में ज़रा मुश्किल से पैदा होती है जहाँ आईने आसानी से मिलते न हों, घरों में एक या दो से अधिक शीशों का होना लक्ज़री माना जाता हो और तैयार होने के बाद लड़कियों को यह जानने के लिए कि वह कैसी लग रही हैं, आईने से नहीं, सहेलियों से पूछना पड़ता हो, जो यह क्यों चाहने लगीं कि आप उनसे सुंदर लगें।

भारत में हमारे घर में शीशा था, जिसमें चेहरा पूरा नज़र आ जाए तो खुद को खुशकिस्मत समझते थे। उसी में देखकर हम सब भाई-बहन बालों में कंघा कर लिया करते थे। वह ज़माना ऐसा था कि आईने में देर तक अपना चेहरा देखना गुनाह समझा जाता था।

## चिंतन-मनन

### प्रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए।

## रोचक

### अमेजन की खास चाय विदेशी पर्यटकों में मशहूर

**लीमा, (ईएमएस)।** पेरू के घने अमेजन जंगलों में 41 साल के अमेरिकी पर्यटक की एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मौत हो गई। वजह थी एक खास तरह की चाय, जिसे 'आयाहुआस्का' कहते हैं. यह कोई आम चाय नहीं, बल्कि एक ऐसा नशा है, जो दिमाग को झकझोर देता है और अमेरिका जैसे कई देशों में पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी, यह चाय विदेशी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। आयाहुआस्का एक खास तरह का पेय है, जो अमेजन के जंगलों में पाए जाने वाले पौधों से तैयार किया जाता है। इसमें डीएमटी नाम का एक ताकतवर रसायन होता है, जो दिमाग को गहरे मतिभ्रम में ले जाता है। अमेजन के आदिवासी इसे सैकड़ों सालों से धार्मिक और मेडिकल के लिए इस्तेमाल करते आ रहे हैं। उनके लिए यह चाय आत्मा को शुद्ध करने और आध्यात्मिक ज्ञान पाने का जरिया है, लेकिन पिछले कुछ सालों में, यह विदेशी पर्यटकों के लिए एक नया 'एडवेंचर' बन गया है। लोग मानसिक शांति, डिप्रेशन से छुटकारा, या फिर एक अनोखे अनुभव के लिए इसे आजमाने पेरू, बोलीविया जैसे देशों में पहुंच रहे हैं।

आरोन जो अमेरिका के अलबामा से थे, पेरू के लोरेटो इलाके में एक होस्टल, 'ला कासा दे गुइलेर्मो आइकोना' में रुके थे। यह होस्टल 'आध्यात्मिक पर्यटन' के लिए मशहूर है।

# भारत से हम अच्छे संबंध चाहते हैं, फर्जी खबरों से हमेशा गलत हो जाता है

## मुहम्मद यूनुस ने लंदन में शांतिपूर्ण जीवन जीने की जताई इच्छा

**लंदन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती है, लेकिन फर्जी खबरों के कारण हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। बुधवार को लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक के साथ बातचीत में यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप समेत कई मुद्दों पर बात की।

थिंक टैंक के निदेशक ने बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को जारी किए गए एक अनौपचारिक राजनयिक नोट का हवाला दिया तो यूनुस ने कहा कि यह जारी रहेगा। हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया कानूनी और उचित हो। हम भारत के साथ बेहतरीन संबंध चाहते हैं। वह हमारा पड़ोसी है, हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की समस्या हो। उन्होंने कहा कि भारतीय मीडिया से आने वाली फर्जी खबरों के कारण हर बार चीजें गलत हो जाती हैं और कई लोग कहते हैं कि इसका संबंध शीर्ष पर बैठे नीति निर्माताओं से है।

यूनुस ने कहा कि यही बात बांग्लादेश को बहुत बेचैन और नाराज करती है। हम इस गुस्से से उबरने की कोशिश करते हैं लेकिन साइबरस्पेस में बहुत सी चीजें होती रहती हैं। हम इससे बच नहीं सकते। अचानक वे कुछ कहते हैं, कुछ करते हैं, फिर गुस्सा आ जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बड़ा काम है कि हम कम से कम एक शांतिपूर्ण जीवन जी सकें। ऐसा जीवन जिसका हम सपना देख रहे हैं।

शेख हसीना के बारे में भारत की अस्पष्ट भूमिका के सवाल पर यूनुस ने कहा कि शेख हसीना के खिलाफ सारा गुस्सा अब भारत में ट्रांसफर हो गया है क्योंकि वह वहां गईं। उन्होंने कहा कि जब मुझे पीएम मोदी से बात करने का मौका मिला तो मैंने बस इतना कहा कि आप उनकी मेजबानी करना चाहते हैं, मैं आपको उस नीति को छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, लेकिन यह तय करने में हमारी मदद करें कि वह बांग्लादेशी लोगों से उस तरह बात न करें जिस तरह वह ऑनलाइन कर रही हैं। वह इस तरह तारीख, समय की घोषणा करती हैं कि वह बोलेंगी और पूरा बांग्लादेश बहुत गुस्सा हो जाता है।



दक्षिण अफीका के पूर्व प्रांत में आई भीषण बाढ़ में पूरा इलाका पानी की चपेट में आ गया। इसमें कम से कम 49 लोगों की मौत हो गयी।

# भारत में मतदाता सूची बनाना दुनिया के कठिन और पारदर्शी कामों में से एक

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम में सम्मेलन को किया संबोधित

**स्टॉकहोम।** भारत में मतदाता सूची में गड़बड़ी और निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर उठाए गए विपक्ष के सवालों के जवाब मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में दिए। चुनावी शुचिता और पारदर्शिता पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में मतदाता सूची तैयार करना दुनिया के सबसे कठिन और पारदर्शी कार्यों में से एक है।



उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को कानून के मुताबिक हर साल संशोधन करने और चुनावों से पहले मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के साथ साझा किया जाता है। उन्होंने कहा कि 1960 से ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची साझा की जा रही है, जिसमें दावे, आपत्तियां और अपील का प्रावधान है। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह टिप्पणी कांग्रेस समेत विपक्षी दलों द्वारा चुनावों में धांधली करने के लिए मतदाता डेटा में हेराफेरी का आरोप लगाने के बाद आई है। चुनाव आयोग ने विपक्ष के इन आरोपों को बेतुका बताया है।

कार्यक्रम में ज्ञानेश ने कहा कि मतदाता सूची तैयार करना विश्व के सबसे कठोर एवं पारदर्शी कार्यों में से एक है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की सटीकता एवं अखंडता को मजबूत करता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस मजबूत तंत्र ने सालों से देश भर में चुनावी विश्वसनीयता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की अनिवार्य मौजूदगी में मतदाता सूची तैयार करना, ईवीएम की जांच करना आदि शामिल है।

सीईसी ने कहा कि मतदान के बाद राजनीतिक दलों को मतदान की पूरी जानकारी दी जाती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान दो करोड़ से ज्यादा कर्मचारी चुनाव आयोग के साथ काम करते हैं। इस दौरान प्रत्येक काम-काज को लेकर एक तय नियम प्रक्रिया बनाई गई है। उन्होंने दुनिया के 50 से ज्यादा देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के आम चुनावों में भारत के 743 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था।

# चीन दरवाजा ही खटखटाता रहा, उधर तुर्की ने इंडोनेशिया को बेच दिया लड़ाकू विमान

**अंकारा।** चीन को 440 वोल्ट का झटका देकर इंडोनेशिया ने तुर्की से कान पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने की घोषणा कर दी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को महाडील की घोषणा की है। एर्दोगन का ये ऐलान चीन के लिए पैरों तले जमीन खिसकाने वाला है, क्योंकि वे लगातार अपने जे-10सी लड़ाकू विमान बेचने के लिए इंडोनेशिया के दरवाजे को खटखटा रहा था। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा है कि इंडोनेशिया तुर्की से 10 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के 48 कान पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदेगा।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने बताया कि इंडोनेशिया को 48 कान लड़ाकू विमान बेचा जाएगा, जिसके लिए दोनों देशों के बीच 10 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। ये सौदा 10 सालों के लिए किया गया है, इसके तहत इंडोनेशिया में भी इस फाइटर जेट के कुछ कंपोनेंट्स का को-प्रोडक्शन किया जाएगा। इस डील के साथ ही तुर्की ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा डिफेंस समझौता किया है। तुर्की के लिए ये डील इसलिए भी काफी ज्यादा खास है, क्योंकि कई देश और, जो पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदना चाहते हैं और जियो-पॉलिटिकल हालातों की वजह से रूस, अमेरिका या चीन से नहीं खरीद सकते हैं, उनके लिए तुर्की एक नया विकल्प बन चुका है, जिसमें एक खरीददार पाकिस्तान भी है।

पाकिस्तान को लेकर रिपोर्ट है कि वहां कान लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट में तुर्की के साथ शामिल होगा। तुर्की ने बीते साल ही पाकिस्तान को इस परियोजना में शामिल होने का आधिकारिक तौर पर ऑफर दिया था। हालांकि पाकिस्तान पहले ही चीन से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीद रहा है, जिसकी चीन कुछ महीनों में डिलवरी देने वाला है।

# कोर्ट ने वीनस्टीन यौन अपराध मामले में माना दोषी तो दूसरे मामले में किया बरी

**वाशिंगटन।** फिल्म निर्माता हार्वे वीनस्टीन को यौन अपराधों से जुड़े मामले की फिर से सुनवाई के दौरान एक और आरोप में दोषी ठहराया है, लेकिन एक अन्य मामले में उन्हें बरी भी कर दिया और जूरी के सदस्य अभी तीसरे आरोप पर फैसले पर नहीं पहुंच सके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'मी टू' आंदोलन के दौरान लगे आरोपों के मामले में वीनस्टीन को पांच साल पहले दोषी ठहराया गया था, लेकिन पिछले साल दोषसिद्धि संबंधी फैसले को पलट दिया और मामले को मैनहट्टन की उसी अदालत में फिर से भेज दिया, जहां पहले सुनवाई हुई थी। इस बार महिला बहुमत वाली जूरी ने वीनस्टीन को 2006 में एक पीड़िता को यौन कृत्य के लिए जबरन मजबूर करने का दोषी माना, लेकिन उसने वीनस्टीन को 2006 के एक अन्य आपराधिक यौन कृत्य के आरोप से बरी कर दिया। जूरी 2013 में एक अन्य महिला से रेप के आरोप पर विचार-विमर्श कर रही है।

## आज का इतिहास 13 जून

1731 स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन हुआ.

1757 राबर्ट क्वाइव ने सिराजुद्दौला को सबक सिखाने के लिए अपना मुर्शिदाबाद अभियान शुरु किया.

1893 महिलाओं का पहला गोल्फ टूर्नामेंट रायल लीथम, इंग्लैंड में हुआ था.

1917 जर्मनी के चौदह विमानों ने लंदन पर बमबारी की जिसमें 162 व्यक्ति मारे गए.

1940 उधम सिंह को फांसी दी गयी.

1951 आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री जोसेफ बेनेडिकर चिफ्ले का निधन.

1956 ब्रिटेन की आखिरी सैन्य टुकड़ी स्वेज नहर क्षेत्र में वापस गयी.

1967 अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में पहले अश्वेत न्यायाधीश के. रूप थुर्गड मार्शल की नियुक्ति हुई थी.

1982 फ्रैंक के अवमूल्यन के बाद फ्रांस सरकार मूल्यों और लोगों की आय वृद्धि पर रोक लगाने की घोषणा.

1990 पूर्व जर्मनी ने बर्लिन की दीवार पूरी तरह से गिराने का काम शुरु किया.

1997 नई दिल्ली के उपहार सिनेमागृह में भीषण आग से 60 मरे व अनेक घायल.

1998 बिहार के पूर्व मंत्री ब्रजबिहारी प्रसाद की पटना में हत्या कर दी गई.

1999 प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की कारगिल यात्रा के दौरान पाकिस्तानियों द्वारा भारी गोलाबारी.

2002 अफगानिस्तान में हामिद करजाई राज्याध्यक्ष पद के लिये नामांकित.

2005 कश्मीर में एक स्कूल के बाहर कार बम विस्फोट में 20 मरे.

## प्रसंगत: सबसे बड़ी सेवा

अबू उसमान हैरी नामक के एक संत थे. खुरासान में रहते थे. दूर-दूर तक उनका नाम था. लोग बड़ी श्रद्धा से उनके पास आते थे और उनके सात्विक जीवन और उपदेशों से लाभ उठाते थे. एक बार एक आदमी हज करने के विचार से घर से निकला. रास्ते में अबू उसमान हैरी की जगह पड़ती थी. उसने सोचा कि थोड़ा रुककर संत के दर्शन करता चलूं. यह सोचकर वह उनके निवास पर पहुंचा और उनको सलाम किया, लेकिन संत ने उसके सलाम का जवाब नहीं दिया. इस बात से वह आदमी बड़ा दु:खी हुआ. वह कितनी श्रद्धा से उनके पास आया था और उन्होंने उसका अभिवादन भी स्वीकार नहीं किया. यह क्या हुआ? वह सोच में पड़ा हैरान हो रहा था कि संत ने कहा, ''मां को नाराज करके हज करना अच्छा नहीं.'' अब उसे ध्यान आया कि उसकी मां को उसकी जरूरत थी और वह उसे रोकती रही थी. जब वह नहीं माना तो वह नाराज भी हो उठी थी. उसकी नाराजगी की चिन्ता न करके वह घर से चल पड़ा था. संत की बात सुनकर वह उल्टे पैरों लौट गया और जबतक उसकी मां जीवित रही, उनकी सेवा करता रहा. मां का देहान्त हो जाने के बाद जब वह उन संत के पास पहुंचा, तो उन्होंने बड़े प्यार और आत्मीयता से उसका स्वागत किया और उसे अपना आशीर्वाद दिया.

## दैनिक पंचांग

**13 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.26 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 07.39 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.56 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.07 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.33 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.49 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.13 बजे से |
| 10.30 से | | मेष | 01.44 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृष | 03.24 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 164 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 15.19 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 23.21 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 13.48 बजे को समाप्त।
**करण** गर 15.19 बजे तदनन्तर वणिज 03.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872374
**जूलियन दिन** 2460839.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, दोइज शुक्रवार पू.षा. नक्षत्रे, वृण योगे, विव करणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 52/39 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्द-हठी, स्वाभिमानी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपाल, वक्ता-अधिवक्ता, नेता, शासक-प्रशासक, विधायक, राजमंत्री, पंडित, विद्वान, मठ-मंदिर का निर्माणकर्ता होगा।




मेष राशि: स्वभाव में आकस्मिक परिवर्तन ही सफलता है, व्यवसाय में उन्नति होगी।
वृष राशि: कार्य में सफलता मिलेगी, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, शत्रु वर्ग का जोर होगा।
मिथुन राशि: यह सप्ताह उत्तम फलकारक है, अधिकारियों का पूर्ण सहयोग अवश्य मिलेगा।
कर्क राशि: नौकरी में व्यावधान हो सकता है, व्यवसाय ठीक नहीं है, भवुकता से हानि होगी।
सिंह राशि: आनंद का अनुभव करेंगे, केतु गृह पीड़ा कारक है, काफी मतभेद अवश्य होंगे।
कन्या राशि: मनोरंजन में अति हर्ष होगा, व्यवसाय में लाभ होगा तथा कार्य अवश्य होगा।
तुला राशि: पारिवारिक उत्तर दायित्व की वृद्धि होगी, आमोद-प्रमोद में विरोध अवश्य होगा।
वृश्चिक राशि: मानसिक तनाव अनावश्यक बड़ेगा, स्वजनों की सहायता अनुभूति अवश्य होगी।
धनु राशि: व्यवसाय की उन्नति में आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार अवश्य होगा, ध्यान दें।
मकर राशि: विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारियों की कृपा का लाभ मिलेगा।
कुंभ राशि: इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले तथा उत्तम लाभ के योग अवश्य बनेंगे।
मीन राशि: गृह-कलह, हीन मनोवृत्ति, शरीर पीड़ा, परेशानी अवश्य ही बनेगी, व्यापार में व्यावधान होगा।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# तीन स्पेनिश ने घोड़े पर सवार होकर 6500 किमी का सफर तय कर की हज यात्रा

## सऊदी पहुंचने पर अफसरों ने किया राजाओं की तरह स्वागत, लोग कर रहे तारीफ

**मक्का।** इस साल हज के लिए सऊदी अरब पहुंचे लाखों तीर्थयात्रियों में से सिर्फ तीन ऐसे थे जिन्होंने यह यात्रा घोड़े की पीठ पर की। वह भी स्पेन से मक्का तक करीब 4,000 मील यानी 6500 किलोमीटर का सफर पूरा कर हज करने पहुंचे। तीनों स्पेनिश मुस्लिम तीर्थयात्री अब्देलकादेर हर्कासी आइदी, अब्दुल्ला राफाएल हर्नान्देज़ मानचा और तारिक रोड्रिग्ज ने इस ऐतिहासिक यात्रा को हज ऑन हॉर्सबैक नाम दिया है। इस अनोखी यात्रा की तैयारी में चार साल लगे, जिसमें घोड़े पालने, अभ्यास यात्रा करने और फंड इकट्ठा करने जैसे कई चरण शामिल थे।

उन्होंने अक्टूबर 2024 में दक्षिणी स्पेन से घोड़े से यात्रा शुरु की और 12 देशों से होते हुए सबसे पवित्र शहर मक्का पहुंचे। रास्ते में इटली के बर्फीले टनलों, बोस्निया के बारूदी सुरंगों से भरे इलाकों और सीरिया के युद्ध प्रभावित क्षेत्रों से गुजरते हुए उन्हें कई जानलेवा कठिनाइयों का सामना किया। इस यात्रा को सोशल मीडिया पर जबरदस्त लोकप्रियता मिल रही है लोग इन तीनों यात्रियों की बहादुरी को सलाम कर रहे हैं। 345,000 से ज्यादा इंस्टाग्राम फॉलोअर्स, 250,000 से ज्यादा टिकटॉक फॉलोअर्स और 5.5 लाख से ज्यादा व्यूज हैं। कई लोग उनकी मदद के लिए आगे भी आए। लोगों ने खाना, रहने की जगह और आर्थिक मदद भी दी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक अमेरिकी कलाकार ने उनके लिए अरबी शैली में एक प्रतीक चिन्ह भी डिजाइन किया। इन लोगों को हर देश में सीमाओं पर परेशानी झेलनी पड़ी। घोड़ों को अलग करना पड़ा। स्थानीय घोड़े उधार लेने पड़े। कभी-कभी अधिकारियों की अनुमति लेना कठिन हो गया फिर भी हर देश में मिले लोगों के प्यार और मदद ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया।

सऊदी अरब में अधिकारियों ने इन तीर्थयात्रियों का स्वागत राजा-महाराजाओं की तरह किया। मक्का पहुंचने के बाद उन्होंने लिखा- शब्दों में वह भावना नहीं समा सकती जो हमें यहां खड़े होकर महसूस हो रही है। हम प्रार्थना करते हैं कि हर मुसलमान को यह अवसर मिले।

# इजरायल में सियासी भूचाल-संसद भंग करने का बिल हुआ पेश, क्या नेतन्याहू सरकार पर छाया संकट

**तेल अवीव।** इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। बुधवार को विपक्ष ने संसद (नेस्सेट) भंग करने का विधेयक पेश कर दिया, जिससे देश में समय से पहले चुनावों की अटकलें तेज हो गई हैं।

इस राजनीतिक संकट की जड़ में धार्मिक छात्रों की सैन्य सेवा को लेकर चल रहा विवाद है। नेतन्याहू की सरकार को समर्थन दे रही अति-रूढ़िवादी पार्टियों ने चेतावनी दी है कि यदि धार्मिक छात्रों को सैन्य सेवा से छूट देने वाला कानून पास नहीं किया गया, तो वे भी संसद भंग करने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगी।

इजरायल की सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में धार्मिक छात्रों को सैन्य सेवा से छूट देने को असंवैधानिक करार दिया था। तब से अब तक कोई वैकल्पिक कानून पारित नहीं हो सका है। इस मुद्दे पर बार-बार सरकारें संकट में आती रही हैं। अब एक बार फिर यही विवाद नेतन्याहू सरकार के लिए खतरा बन गया है। गठबंधन में शामिल यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म और शास जैसी पार्टियां सरकार पर दबाव बना रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खुरई के कांग्रेस नेता अंशुल सिंह परिहार की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज

**खुरई।** खुरई के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री शोएब खान के न्यायालय से कांग्रेस नेता अंशुल परिहार की अग्रिम जमानत की याचिका निरस्त कर दी गई है। अंशुल सिंह परिहार के विरुद्ध स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं ने धरना दिया था। जिसके बाद खुरई थाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट पर कांग्रेस नेता अंशुल परिहार के विरुद्ध राजनैतिक षड्यंत्र के तहत जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। आरोपी अंशुल सिंह परिहार ने खुरई के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी। सुनवाई के दौरान विद्वान न्यायाधीश श्री खान ने अपने निर्णय में आरोपी पूर्व के आपराधिक रिकार्ड का उल्लेख करते हुए आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया।

खुरई नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे जनता के हितों के लिए सार्वजनिक जीवन में अच्छे काम करने वाले जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध राजनैतिक षड्यंत्र के तहत झूठे आरोप लगाने वाले तत्वों पर लगाम लगेगी।

### अश्विनी सिंह हिंदू फ्रंट संगठन के प्रदेश सचिव नियुक्त



**मैहर।** युवा नेता अश्विनी सिंह सिंह लोधी को वीर दिवस राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार विगत 11 जून को नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट संगठन की दायित्व निर्धारण समिति की संस्तुति एवं मुख्य संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी एवं राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्णमुरारी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमांगी अरोरा की सहमति से अश्विनी सिंह लोधी जी को राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। श्री लोधी ने अपने मानोनयन पर शीर्ष संगठन प्रभारी एवं अन्य जिम्मेदार संगठन प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### आदतन अपराधी के विरूद्ध की गई जिला बदर की कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने गांधीगंज कटनी निवासी श्रेयांश गुप्ता उर्फ श्रेय उर्फ कल्लू बकरा पिता श्रीराम गुप्ता उर्फ कल्लू गुप्ता उम्र 20 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। श्रेयांश गुप्ता के विरूद्ध वर्ष 2019 से अब तक अलग-अलग थानों में 20 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें अवैध रूप से पैसों की मांग करना, व्यापारियों से रंगदारी वसूलना और न देने पर सरे आम गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, शराब पीने नशा करने के लिए अवैध रूप से पैसों की मांग करना, अवैध वसूली न देने पर वाहनों में आग लगाकर आगजनी करना, अवैध रूप में कब्जे में देशी कट्टा, चाकू-बका रखना, विस्फोटक पदार्थ रखना, लोगों से वसूल किए हुए पैसों से नशा करना, जुआं खेलना, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सदस्यों को जातिगत रूप से अपमानित करते हुए चाकू से हमला कर घायल करने जैसे गंभीर प्रकृति के अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस के द्वारा श्रेयांश के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी श्रेयांश के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

श्रेयांश की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी श्रेयांश को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपेक्षाओं के अनुरूप खुरई विधानसभा क्षेत्र में सही काम हुआ: उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

**सागर।** भाजपा पार्टी नहीं एक मिशन है जो अंतिम छोर पर खड़े लोगों के चेहरे को खुशियों और मुस्कुराहट से भर देने के उद्देश्य में अनवरत चल रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता किसी की भी आंखों में आंख डालकर साहस से कह पाता है कि हमने काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जैसा सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण, विकास चाहते हैं जो खुरई विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। खुरई में जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप लोक कल्याण की योजनाएं के क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं, हितग्राहियों को सौ प्रतिशत लाभ मिला है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री,जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने यहां %प्रधानमंत्री श्री मोदी के 11 वर्ष-संकल्प से सिद्धि% के तहत आयोजित खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी 6 भाजपा मंडलों के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि 1980 में भाजपा के स्थापना अधिवेशन को संबोधित करते हुए हमारी पार्टी के युगपुरुष पं अटल बिहारी वाजपेई जी ने कहा था कि मैं भारत के पश्चिमी तट पश्र समुद्र को साक्षी मानकर यह कहने का साहस करता हूं कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। हमारे महापुरुष की भविष्यवाणी आज सही हो चुकी है। भाजपा की सरकार देश के 22 राज्यों में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी की छवि और लोकप्रियता इतनी ऊंचाई पर है कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार बनती है वहां की जनता बार बार भाजपा की सरकार बनाती है।




उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम देश का भविष्य और जनता की तकदीर बदलेंगे। भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है लेकिन हम संतुष्ट होकर नहीं बैठेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 2040 तक अमेरिका और चाइना को पीछे छोड़ कर भारत को सबसे बड़ी महाशक्ति बनाने का लक्ष्य हासिल करेंगे। हमने देश में एक समय वह भी देखा है जब गांव मोहल्ले में कोई बीमार हो जाता था तो इलाज के लिए आसपास के लोग चंदा करते थे, इससे कुछ लोग बच जाते थे लेकिन बहुतों को बिना उपचार के जीवन से हाथ धोना पड़ता था। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह स्थिति है कि अकेले मध्यप्रदेश में 2018 के बाद से लोगों के मुफ्त उपचार के लिए 9 हजार करोड़ से ज्यादा का भुगतान भाजपा की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त अनाज की अन्नपूर्णा योजना ,लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी जैसी अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को भाजपा से जोड़ने का काम उसी स्तर पर होना चाहिए जैसा खुरई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में लोगों से संपर्क करके किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से खुरई विधानसभा क्षेत्र में सभी 75 पार्षद, सभी नगरीय व पंचायती निकायों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्विरोध रूप से भाजपा के चुने गए यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को पसीना बहाना पड़ता है जो खुरई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेता भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में दिल और जान लगाकर करके दिखाया।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कार्यकर्ता का अपने नेता पर भरोसा ऐसे ही नहीं बन जाता, जब नेता कार्यकर्ता के लिए हमेशा खड़ा रहता है तब यह भरोसा बनता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन कई तरह के होते हैं लेकिन इस सम्मेलन में कार्यकर्ता जिस प्रसन्नता व ऊर्जा से भरा है वह इस सम्मेलन को खास बना रहा है। उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में अपने नेता के प्रति सम्मान है और उन्हें मंत्री नहीं बनाए जाने की कसक है। भूपेंद्र सिंह जी मंत्री नहीं होकर भी मंत्री से कम नहीं हैं। श्री शुक्ल ने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि पिछले बार मुझे भी मंत्री नहीं बनाया गया था और भूपेंद्र सिंह जी मंत्री थे। तब एएक बार मैं वल्लभ भवन में नीचे बैठा था तभी भूपेंद्र जी आए और मुझसे कहा अरे आप यहां बैठे हैं, और मुझे अपने साथ अपने आफिस में ले गए। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह जी की वरिष्ठता, योग्यता और क्षमता का पार्टी की नजर में अलग ही स्थान है। मैं इस शानदार आयोजन के लिए उन्हें बधाई देता हूं और अभिनंदन करता हूं।

# खुरई सीएमओ प्रतिदिन नगर के क्षैत्रो में जाकर ले रहे हैं व्यवस्थाओं का जायजा

**खुरई।** जब से खुरई नगरपालिका परिषद में सीएमओ के पद पर राजेश मेहतेले पदस्थ हुए हैं तभी से शहर की व्यवस्थाओं में सुधार कार्य सम्पूर्ण होते देखे जा रहे हैं वह स्वयं जगह,जगह जाकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने जल संरचनाओं,जल स्त्रोतों का जायजा लिया, नगर के मध्य स्थित खजऊ तलैया,एवं जेल रोड पर स्थित छोटी तलैया का जायजा लिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ लगातार निरीक्षण में स्वच्छता प्रभारी शैलेन्द्र सिंह अपने विभाग के कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहते हैं। इस दौरान सीएमओ ने दोनों तलैयों की बेहतरी से सफाई कराने,उचित रखरखाव एवं संरक्षण करने हेतु आदेशित किया, खरपतवार को हटाने, आवश्यक सौन्दर्यकरण करने के साथ ही वृहद वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया।

दरअसल संपूर्ण प्रदेश में मप्र शासन के आदेश पर जल गंगा संवर्धन अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है,जिसके अंतर्गत ऐतिहासिक जल संरचनाओं, जल स्त्रोतों, वॉटर बॉडी, कुओं, बावड़ियों, नदियों, तालाबों, घाटों, नहरों, सहित जल के सभी स्त्रोतों की विशेष साफ, सफाई करना,जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागृत करना,जल संरचनाओं का संरक्षण करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसका क्रियान्वयन खुरई नगरीय क्षेत्र में भी जारी है, इसी के तहत नगरीय क्षेत्र में स्थापित सभी जल संरचनाओं की विशेष साफ सफाई, सौन्दर्यकरण, संरक्षण,एवं कायाकल्प का कार्य किया जा रहा है, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण करना बहुत जरूरी है,और सभी को इसमें अपनी सहभागिता निभाना चाहिए, हम नगर के गणमान्य नागरिकों से भी इस मुहिम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील करते हैं।



# बुंदेलखंड धानुक समाज के तत्वाधान मकरोनिया नगर मैं माता शारदा जी की शोभायात्रा निकाली गई



**सागर।** बुंदेलखंड धानुक समाज के तत्वाधान मकरोनिया नगर मैं माता शारदा जी की शोभायात्रा निकाली गई जो की बुद्ध बजरिया से प्रारंभ होकर मकरोनिया चौराहे से होती हुई वापस बुद्ध बजरिया में समापन हुई जिसमें समाज के वरिष्ठ समाज सेवक श्री रमेश दादा घोड़ा वाले श्री अनिल चौधरी जी श्री फिर तू लंबरदार जी श्री आनंद स्वतंत्र प्रभारी जी श्री बेनी प्रसाद जी अध्यक्ष श्री अजय बमदेले युवा अध्यक्ष श्री श्री मदन जी लीला मास्टर जी श्री परसोत्तम जी श्री काशीराम बंसल जी श्री अर्जुन माते जी श्री गुड्डू पेंटर जी श्री हीरालाल भैया जी श्री मनोज भैया जी श्री लालू काका जी श्री मुकेश तिली जी श्री शंकर भैया जी श्री रवि पटना जी, श्री सुनील कुमार कुलपरिया, श्री बाबूलाल पंसोरिया श्री प्यारेलाल जी मिर्जापुर वाले श्री धनीराम बंसल छतरपुर जिसमें बड़ी संख्या में धानक समाज के युवा वर्ग एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे ।

## बेतवा एक्सप्रेस में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

### जीआरपी को मिली सफलता, 2 लाख के जेवरात व नकद बरामद

**कटनी।** चलती ट्रेनों, प्लेटफार्म और आउटर इलाकों में हो रही चोरी और लूट की घटनाएं हो रही हैं। बदमाश बेखौफहोकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले में जीआरपी लगाम नहीं लग पा रही। हालांकि चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जीआरपी टीम ने बेतवा एक्सप्रेस में हुई लाखों की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि राजेश कुमार पिता स्व. हनुमान प्रसाद निवासी ट्रैफिक चौक कर्वी, चित्रकूट उत्तर प्रदेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 जनवरी को वे पत्नी और परिवार के साथ ट्रेन नंबर 18204 बेतवा एक्सप्रेस के कोच नंबर बी-6 की बर्थ नंबर 17, 18, 19, 20 में यात्रा कर रहे थे। वे चित्रकूट धाम कर्वी से रायपुर जा रहे थे। इस दौरान जब ट्रेन अमदरा स्टेशन के पास पहुंची, तभी अज्ञात बदमाश ने पत्नी का लेडीज हैंडबैग चोरी कर लिया। उस बैग में एक मोबाइल, 14 हजार रुपए नकद, एक सोने की चेन, एक सोने का मंगलसूत्र और चार सोने की अंगूठियां थीं। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 2 लाख रुपए थी। प्रकरण में जीआरपी ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान 9 जून को टीम ने आरोपी अजय कोल निवासी टिसिगिरी थाना अमदरा मैहर को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया बैग और उसमें रखे गए सभी जेवरात एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चेन और चार सोने की अंगूठियां बरामद कर लिए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नर्मदापुरम शहर की नगरपालिका में 12 जून दिन गुरुवार से शुरू हुई जनसुनवाई में पहले दिन आए 20 आवेदन

### नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने की सुनवाई

### नपाध्यक्ष और सीएमओ करेंगी शिकायतों के निराकरण की समीक्षा

(आरती मालवीय)

**नर्मदापुरम्।** नगरपालिका परिषद द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण करने हेतु आज से प्रत्येक गुरूवार को जनसुनवाई शुरू की गई है। नगरपालिका में जनसुनवाई के पहले दिन 20 से अधिक आवेदन आए। जिनका विधिवत निराकरण किया गया। कुछ निर्माण कार्य से संबंधित शिकायतें थीं उन शिकायतों को प्रोसेस में लिया गया है। जल्द ही उन समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।



कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर एवं पहल पर आज से प्रत्येक गुरूवार को नगरपालिका में जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज की जनसुनवाई में उपयंत्री महेंद्र सिंह तोमर, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा सहित नगरपालिका की समूची टीम उपस्थित रहीं।

#### जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दिया

कई दिनों से एक व्यक्ति अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र को बनाने के लिए भटक रहा था। आज जैसे ही जनसुनवाई में पहुंचा और यह बात जब नपाध्यक्ष और सीएमओ तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल उस बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर देने के निर्देश दिए। पिता संतोष भार्गव अपने बच्चे आयुष भार्गव का तत्काल प्रभाव से जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दिया। वहीं एक वार्ड 28 की हितग्राही पट्टा की समस्या लेकर आई उसे जांच करने के उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके अलावा सफाई अभियान, अतिक्रमण आदि समस्याओं का आज निराकरण किया गया।

#### अधिक से अधिक लोगों को लाभ हो

आज से शुरू हुई जनसुनवाई का अच्छा रिस्पांस मिला है। अधिकांश समस्याओं का तत्काल निराकरण कर दिया गया हैं। कुछ समस्याएं हैं जिनका विधिवत निराकरण किया जाएगा। आए आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। हमारा मानना है कि नागरिकों की अधिक से अधिक समस्याओं का निराकरण हो। नगर के नागरिकों से आग्रह है कि वे जनसुनवाई में आकर अधिक से अधिक अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

**नीतू महेंद्र यादव**
**अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम्**

#### निराकरण की समीक्षा करेंगे

नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने प्रत्येक गुरूवार को जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जो भी समस्याएं आईं हैं उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर दिया गया है। कुछ आवेदनों को प्रोसेस में लिया गया है। उनका भी निराकरण किया जाएगा। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**हेमेश्वरी पटले**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नर्मदापुरम्**

# पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम हेतु सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर द्वारा वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु गुरूवार को जिला कलेक्टर मैहर के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अजीत मिश्रा को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि मैहर में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय। तथा जलस्त्रोतों की रक्षा, वृक्षारोपण एवं वनों की रक्षा, सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध, जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, उद्योगों पर निगरानी एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण आदि मांगो पर कार्रवाई की जाय। लिलजी नदी एवं टमस नदी की प्राकृतिक संरचना पर गौर करते हुए उसे अविरल बनाने हेतु कार्य योजना बनाई जाय। शहर के अंदर बने हुए तालाबों का संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराया जाय। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैलाश कछवाह, जिला मंत्री मनोज शुक्ला, कंधी कोरी, कमल श्रीवास्तव, विजय मिश्रा, पुरुषोत्तम पटेल, विपुल सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, चंद्रवती साकेत, प्रिया शुक्ला, दिलीप सिंह, रमेश कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, कल्पना सिंह एवं प्रदुम कोरी की उपस्थिति रही।

### रेलवे ने बढ़ाई संतरागाछी-अजमेर ट्रेन की सेवाएं

**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों के संचालन के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 08611/08612 सांतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के संचालन को यात्रियों की बढ़ती मांग के मद्देनजर विस्तारित किया गया है। स्पेशल ट्रेन के विस्तार से पश्चिम मध्य रेल के बरगवां, सारईग्राम, ब्यौहारी, खन्ना बंजारी, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी, अशोकनगर, गुना, रूठियाई, अटरू, बारां, सोगरिया, बूंदी एवं मांडलगढ़ के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। गाड़ी संख्या 08611 सांतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को सांतरागाछी स्टेशन से अब 30 जून तक चलती रहेगी।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद मैहर, जिला-मैहर (म.प्र.)**

Phone-(07674) 232054, Fax-(07674) 234288, e-mail – mcmaihar@gmail.com

क्र./354/न.पा./यां.प्र./नि.सू./2025 मैहर, दिनांक – 05/06/25

**द्वितीय निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद मैहर द्वारा वर्ष 2025–26 हेतु आवश्यक छोटे/मरम्मती कार्य कराये जाने हेतु हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत पंजीकृत संविदाकारों से कॉलम में दर्शित कार्यों हेतु ई-टेण्डिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र क्रय एवं डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेब साइट www.mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगरपालिका परिषद मैहर से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | Items for Proposed work upto Estt Cost 1.00 Lacs (individual work) | | | | |
| 01 | 429321 | Construction/Maintenance of Building Structure (as per necessary Items) | 25,00,000.00 | 18,750.00 | 5,000.00 |

अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति नियत तिथि एवं समय में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित अमानत राशि एफ.डी.आर. जमा कर निविदायें प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 07/06/25 समय 10.30 बजे से दिनांक 23/06/25 को समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मैहर

## ब्रीफ न्यूज

### बाइक सवार युवक को बस ने कुचला, मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड चौकी से कुछ दूर सूर्या होटल के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के द्वारा मृतक की पहचान देवेंद्र पटेल निवासी पन्ना मोड़ के रूप में की गई है, जो की कपड़ा बेचने का काम करता था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब बस स्टैंड से सवारियां भरकर एक बस मैहर-सतना की ओर जा रही थी। सूर्या होटल के समीप बस ने पीछे से एक मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दी। युवक बस के पहिए के नीचे आ गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई अजय बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है, हालांकि हादसे के बाद से बस चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### राज्यमंत्रीद्वय श्री लोधी एवं श्री पटेल, सांसद श्री लोधी, विधायक श्री मलैया ने किया 'राईस मिल' का उद्घाटन

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आज दमोह स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में ' राईस मिल' का उद्घाटन किया। यह मिल स्थानीय उद्योग और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी।

### केन्द्रीय मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार आज दमोह आयेंगे

**दमोह।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार 12 जून को स्थानीय सर्किट हाऊस आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार 13 जून को प्रात: 11 बजे जिला दमोह में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में भाग लेंगे तदोपरांत अल्प विश्राम दमोह सर्किट हाऊस में करेंगे।

### पुलिस हमला मामले में मुख्य आरोपी का सरेंडर, दो दिन की पुलिस रिमांड मंजूर



**दमोह।** जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के ग्राम पैलवारा में वीते दिनों पुलिस पर हुए हमले के मामले में मुख्य आरोपी ध्रुव सिंह और सुंदर सिंह ने गुरुवार शाम 4 बजे न्यायालय में सरेंडर किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के लिए तीन दिन की रिमांड की मांग की थी, लेकिन न्यायाधीश अनुप्रेक्षा जैन ने दो दिन की रिमांड मंजूर की। डायल 100 पुलिसकर्मियों पर हुए हमले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इस दौरान एसडीओपी पथरिया रघु केसरी और मगरोन थाना प्रभारी ब्रज लाल पटैल न्यायालय में उपस्थित रहे।

# भाजपा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया प्रोफेसनल मीट का आयोजन

### नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा -राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह

### पहले 90 प्रतिशत रक्षा सामान आयात करते थे आज 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण देश में बना रहे हैं- सांसद राहुल सिंह




**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11साल के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में प्रोफेसनल मीट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह, मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की रही। कार्यक्रम में हटा विधायक उमादेवी लालचन्द्र खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर मनोहर काजल, लोकतंत्र सेनानी संघ अध्यक्ष निर्गुण खरे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जीवनलाल मिश्रा, डॉक्टर नवीन दुबे, डॉक्टर नवीन सोनी, एड पंकज हर्ष श्रीवास्तव, दमोह के उद्योगपति एवं वैश्य समाज के संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी लघु उद्योग भारती के महामंत्री सेवंत गुजराती, कर्मचारी नेता आर के मिश्रा, नगर पुरोहित एवं सकल हिंदू समाज के संरक्षक चंद्रगोपाल पौराणिक, जिला औषधि विक्रेता संघ सचिव अनिल कोटवानी के आतिथ्य में इस प्रोफेशनल मीट और लघु प्रदर्शनी का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के सम्माननीय बुद्धिजीवी वरिष्ठजन, व्यापारी बंधु, स्वतंत्रता सेनानी, पार्षद गण एवं भारतीय जनता पार्टी की समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि 2014 में जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ तब और आज विश्व में भारत की छवि एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है पूर्व के वर्षों में तत्कालीन सरकारों ने भारत के भविष्य को ध्यान में रखकर योजनाएं और विकास नहीं किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में देश की अनेक क्षेत्रों में विकसित भारत के संकल्प को आगे रहाते हुए विकास कार्य किए जा रहे।

मीट को संबोधित करते हुए जबेरा विधायक प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है। वे आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य किया। वर्ष 2014 से पहले बैंकों का एनपीए 42 प्रतिशत था, आज सिर्फ2.6 प्रतिशत रह गया है। वर्ष 2014 से पहले 90 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात करते थे, आज 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण देश में बना रहे हैं। अब पाकिस्तान के अंदर घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान सफ्लतम पूरे कर रहे हैं आजादी के बाद वर्षों तक देश में शासन करने वाली पार्टी की नीतियों और कार्यों से जम्मू-कश्मीर से करीब पांच लाख हिंदू पलायन कर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की और राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त किया। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के लिए 500 वर्षों तक संघर्ष चला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी, इसके बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर तैयार हो गया है और रामलला अयोध्या में विराजमान हैं। श्री मोदी ने देश की जनता में आशा जगाई और उसी का परिणाम है कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आमजन में 2047 तक विकसित भारत बनने की उम्मीद जगी है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का कार्य किया, और दुनिया का विश्वास जीतने का काम किया। आप सभी समाज के अभिन्न अंग है आप समाज की सेवा केलिए सक्रिय राजनीति में आए हैं। प्रधानमंत्री जी किस प्रकार से देश को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे हैं, यह केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों से स्पष्ट रूप से पता चलता है।

# संजय नगर में बनेगी 13.86 लाख की डामरीकृत सड़क

### महापौर के मुख्य आतिथ्य में भूमिपूजन संपन्न



**कटनी।** डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजय नगर में क्षेत्रीय नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग पर श्रीमती नीलिमा झा के मकान से उमाकांत दुबे के घर तक 13.86 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सड़क का डामरीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के दौरान शीघ्र ही सुगम यातायात की सुविधा मिलने से प्रफुल्लित क्षेत्रीय वार्डवासियों द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया जाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### निर्माण कार्य के दौरान करें सहयोग - महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त अनुदान द्वारा नागरिकों की प्राथमिकताओं एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे है। विकास कार्य निर्धारित समय से गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण हो इसमें आप सभी का सहयोग भी आवश्यक है। आप स्वयं भी होने वाले डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखें तथा कार्य के दौरान अपने घरों की नालियों के अतिक्रमण स्वेच्छा से अलग कर निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करे।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता, डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू , श्रीमती सुमन राजू माखीजा, क्षेत्रीय पार्षद रेखा संजय तिवारी, वंदना राजकिशोर यादव, उमेन्द्र ओमी अहिरवार, राजू माखीजा, स्थानीय गणमान्य नागरिक कमल केवट, नीलिमा झा सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक करण मिश्रा, अजीत मिश्रा, डॉ आर.सी विश्वकर्मा, डॉ झा, राम आसरे दाहिया, सोनेलाल कोल, कोदू मास्टर, अशोक डोंगरे, मैकूलाल कोल, गन्नू तिवारी सहित मातृशक्ति जयंती मेहरा, सरस्वती मेहरा, शादियां खान, मधु मेहरा, पूनम बेन सहित क्षेत्रीय उपयंत्री जायेंद्र प्रताप सिंह बघेल एवं अन्य स्थानीय नागरिकों एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की मौजूदगी रही।

# आचार्य कृपलानी वार्ड में विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

### निर्धारित मानक के अनुरूप हो विकास कार्य : महापौर



**कटनी।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रत्येक वार्डो में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है। महापौर ने कहा कि हमारा यही प्रयास है कि प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को सुगम आवागमन हेतु पक्की सड़कों के साथ ही बेहतर से बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो। गुरूवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने आचार्य कृपलानी वार्ड में 13.26 लाख रूपये की लागत से कराए जानें वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

महापौर श्रीमती सूरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि विकास कार्य अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है तथा नगर निगम द्वारा नगर में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे है। वार्ड में गोवर्धन दास कुकरेजा के भवन से डायमंड स्कूल तक के मार्ग का डामरीकरण होने से क्षेत्रीय नागरिकों सहित डायमंड स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। महापौर ने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार एवं क्षेत्रीय उपयंत्री को निर्धारित मानक के अनुरूप ही विकास कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि नागरिकों को लंबे समय तक उनकी सुविधा प्राप्त हो सके।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू , सुरेन्द्र गुप्ता, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती सुमन राजू माखीजा, क्षेत्रीय पार्षद ईश्वर बहरानी, वंदना राजकिशोर यादव, उमेन्द्र ओमी अहिरवार, राजू माखीजा, प्रकाशचंद्र टहलरमानी, सिंधु सेवा मंडल अध्यक्ष ईश्वरदास पोपटानी, सचिव पृथ्वीराज वीरवानी, राम रख्यानी, किशन नारंग, रूपचंद बहरानी, प्रकाश चंद वाधवानी, हरीश आहूजा, गोविंद कुकरेजा, हरीश आहूजा, खियल चावला सहित अन्य नागरिकों व क्षेत्रीय उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह बघेल की मौजूदगी रही।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समापन



**पिपरिया।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन शासकीय कन्या उ मा विद्यालय पिपरिया में किया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में हैंडबॉल,ताइक्वांडो,फुटबॉल का प्रशिक्षण 5 मई से प्रारंभ किया गया था । जिसमें 200 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम अतिथि बीआरसीसी प्रदीप कुमार शर्मा, प्राचार्य शासकीय कन्या उ मा विद्यालय अरविंद रघुवंशी,वरिष्ठ खिलाड़ी ओपी सिंह राजपूत, रमेश कुमार गौर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के मध्य हैंडबॉल का मैत्री मैच खेला गया । अतिथि बीआरसीसी प्रदीप शर्मा ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसलिए निरंतर खेलें एवं शरीर एवं मन को स्वस्थ रखें। अतिथियों ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिये शुभकामनाएं दी । समापन कार्यक्रम में विकासखंड खेल प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा, समन्वयक खेल युवा कल्याण प्रीतम सिंह पुर्विया,मनोज राठी,फुटबॉल कोच सचिन पुर्विया,हैंडबॉल कोच रशीद शाह,ताइक्वांडो कोच नरेंद्र मालवी, निशा मालवी,नारायण कहार,अमित ठाकुर, आयुष कुशवाहा उपस्थित रहे।

# ग्राम तरोनकलां में सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ



**पिपरिया।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि में कराए गए निर्माण कार्यों के त्रिस्तरीय भौतिक मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन तथा मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल के वर्ष 2022.23 एवं 23 . 24 के लाभांवित हितग्राहियों के सत्यापन पश्चात ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन गोवर्धन नामदेव की अध्यक्षता में कलेक्टर प्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सरिता रघुवंशी की उपस्थिति में किया गया। सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा में ग्राम सामाजिक एनिमेटर कुमारी आशा रघुवंशी ने पंचायत रिपोर्ट कार्ड का वाचन कर ग्रामीणों को ग्राम पंचायत के पंजीकृत परिवारों की संख्या वितरित जॉब कार्ड का विवरण सामाजिक अंकेक्षण अवधि में संपन्न कार्यों की जानकारी से ग्राम सभा को अवगत कराया। किए गए कार्यों की सूची का वाचन कर ग्रामीण जनों को वर्ष 23 . 24 में कराए गए 10 प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों तथा सामुदायिक कार्यों से जिसमें एक एसजी भवन एक वृक्षारोपण दो सीसी नाली एवं तीन सीसी रोड निर्माण कार्यों की जानकारी से अवगत कराया। ग्राम सामाजिक एनिमेटर ने ग्रामीणों को बताया कि इन निर्माण कार्यों पर वर्तमान अवधि तक 355436 रुपए का व्यय हुआ है तथा वर्ष के दौरान एक लाख 58 हजार 290 रुपए खर्च किए गए हैं वर्ष के दौरान 10 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है तथा सात कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है प्रपत्र दो का वाचन कर कुशल एवं कुशल तथा सामग्री पर व्यय किए गए राशि से ग्रामीण जनों को अवगत कराया। बीएसए आशा रघुवंशी ने ग्रामीण जनों को ग्राम सभा में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा सामाजिक अंकेक्षण कार्य के दौरान सीसी नाली निर्माण कार्य की नस्ती प्रस्तुत नहीं की गई तथा उपरोक्त कार्यो पर सूचना बोर्ड भी मनरेगा प्रक्रिया के अंतर्गत नहीं लगवाए गए हैं । ग्राम सभा में सरपंच रुक्मणी,प्रभारी सचिव प्रेम नारायण सराठे,विकासखंड नोडल अधिकारी राजेश कुमार ग्यारसे,ग्राम संपरीक्षा समिति सदस्य शांतिबाई एवं पंच विशेष रूप से उपस्थित थे ग्राम सभा की कार्रवाई को शिक्षक महेंद्र शर्मा ने लिपिबद्ध किया।

# यह सासंद आपने चुना जो पटट्ा दुपटट्ा बांधकर ससंद में पहुंच गया कर क्या रहा है: कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी

### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग को लेकर कांग्रेस की किसान अधिकार यात्रा नगरामन हुआ



**पिपरिया।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी किए जाने की मांग को लेकर किसान अधिकार यात्रा का नगर आगमन हुआ। किसान अधिकार यात्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यात्रा के दौरान भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हम मूंग को दांतों तले दबाकर भाजपा सरकार को मजबूर कर देंगे मूंग खरीदी करने को लेकर। वहीं उन्होंने होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मेरा पिपरिया,होशंगाबाद के किसानो से आग्रह है कि आपने यह जो सांसद चुना जो खेती और किसानी की बात करके पट्टा दुपटट्ा बांधा और संसद में पहुंच गया यह कर क्या रहा है। अब वह कहता है कि यह फसल मत बोओ दूसरी फसल बोओ मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा बुरी बात नही हो सकती इससे ज्यादा निकम्मापन चुने हुए जनप्रतिनिधी का कुछ नही हो सकता है। कि फसल आए और वह बिक नही रही है। सरकार खरीद नही रही है। उसका संघर्ष करना या किसान से कहना कि बोओ मत। यह कौनसा देश बनाना चाहते हो आप। मैं फिर किसानो से कहना चाहता हूं कि बीजेपी वाले धान का 31 सौ रूपये की बात करते है फिर आप वोट उन्ही को देते हो । जब गेंहू की बात मैने की तीन हजार की तो यह मेरा मजाक उडाने लगे फिर 27 रूपये किया फिर भी नही किया और आप वोट उन्ही को देते हो। आप कांग्रेस बीजेपी में फंस जाते हो। अरे किसान का कोई धर्म होता है क्या,किसान की कोई जात होती है क्या,खेती और किसान तो पवित्र काम है,भगवान जैसा ईश्वर जैसा । यह ईश्वर जैसा इसलिए है जो खेती हम अनाज उगाते है वह जनता और इंसान खाती है और उससे उर्जा मिलती है जिससे जीवन चलता है। अरे किसान बोलो या भगवान बोलो एक है। जब भगवान की कीमत इनको याद नही है। वही मूंग अगर सरकारी खरीदी करेगे तो इसमें जहर है तो इतने साल से जहर बिकने क्यो दे रहे थे आप लो ग बीस साल से आपकी सरकार है। सरकार खरीदेगी तो इसमें जहर है और ओपन मार्केट में जनता उस जहर को खाए तो आप चैन से देखगे कि जनता उस जहर को खाए और जनता मरती रहे यह दोहरी नीति कैसी। वही उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को आडे हाथो लेते हुए कहा कि हम मूंग को दांतो तले दबाकर आपको चबा देंगे आपको मूंग आपको खरीदना पडेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का दिमाग का पाप है। पिपरिया होते हुए कांग्रेस की किसान अधिकार यात्रा सोहागपुर के लिए रवाना हो गई। इस दौरान संजय शर्मा, राजा पलिया, श्रीनारायण काबरा, श्याम बिहारी पालीवाल,हरीश बेमन,प्रशांत पालीवाल, हर्ष कटकवार, राधे पटैल, राजेन्द्र सोनिया, दिलीप पालीवाल, शरद चौधरी, संजू शुक्ला, आनंद पलिया, दिलीप साहू, नरेन्द्र दुबे, धर्मेन्द्र नागवंशी, सीमा कटकवार, ममता नागोत्रा, सुधा सिलावट, अनुज कटकवार सहित कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

# आरोपी से 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात जप्त

### डेड माह पूर्व ग्राम पचुआ से हुई थी चोरी





**पिपरिया।** मंगलवारा पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व ग्राम पचुआ से हुई चोरी का खुलासा किया। ग्राम पचुआ के किसान हेमंत पिता हनुमत सिंह चौधरी के सुने घर को निशाना बनाकर चोर ने दिनांक 16 अप्रैल 2025 को सुबह लगभग 10. 30 बजे घर में रखें सोने चांदी के जेवर सहित नगदी को चुरा कर मौके से फरार हो गया। मंगलवारा पुलिस ने सीसीटीवी सहित तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर करीब डेढ़ माह में आरोपी तक पहुंची। पुलिस ने आरोपी को ग्राम आंख खेड़ी थाना अब्दुल्लागंज जिला रायसेन से घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी से पुलिस ने घटना के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम पचुआ में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशान देही पर आरोपी से कुल 93.690 ग्राम सोने के जेवर व 39.400 ग्राम चांदी के जेवर कुल कीमत 10 लाख रुपए का जप्त किया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया। मंगलवारा पुलिस थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि दिनांक 16 अप्रैल 2025 को फरियादी हेमंत ने रिर्पोट दर्ज कराई थी कि वह घर से बाहर गए हुए थे । सुबह 10 बजे से 2 बजे के बीच उनके घर में चोरी हो गई है। मौके पर पहुंचकर डॉगस्कॉड को बुलाया गया। तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर हमारी टीम ने बब्लू पारधी पिता नापलाल पारधी 42 वर्ष निवासी अर्जुन नगर ग्राम आंखखेडी थाना अब्दुल्लागंज से पकडकर उससे पूछताछ करने पर से उसने अपना जुर्म कबूला। यह आरोपी ग्रामो में मनिहारी सामग्री व कबाडा बीनने का कार्यकरते है इस दौरान यह सूने घरो की रैकी कर उन्हे निशाना बनाते है। आरोपी से 10 लाख रूपये मूल्य के सोने चांदी के जेबरात जप्त किए गए है।

# मप्र में 21 जून को सामूहिक योग कराने पंजीयन अनिवार्य

## योग दिवस को एक दशक पूरा होने पर पर्यटन स्थलों पर भी होंगे आयोजन, काउंटडाउन भी चलाएंगे

**भोपाल।** इस साल योग दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की वेब लिंक पर आयोजक के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार ने इस साल होने वाले योग कार्यक्रम के लिए एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम तय की है। योग के कार्यक्रम जिला मुख्यालयों पर होने के साथ पर्यटन स्थलों पर भी किए जाएंगे। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा होने पर काउंटडाउन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रदेश में 21 जून को जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में सभी स्कूल, कॉलेज (स्कूल शिक्षा,उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि शिक्षा) पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई एवं सभी शासकीय एवं निजी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी शामिल होंगे। योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन सहित आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी इस आयोजन के लिए तय की जाएगी।



भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल से प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव ने राजभवन में सौजन्य भेंट की।

## ब्रीफ न्यूज

### मप्र के श्रमिकों को मिलेगा आर्थिक संबल

**सीएम डॉ. मोहन ट्रांसफर करेंगे 150 करोड़**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्रमिकों को 13 जून यानी शुक्रवार को आर्थिक संबल मिलेगा। जबलपुर के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ मोहन यादव बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री श्रमिक परिवारों के खातों में संबल योजना की राशि ट्रांसफर करेंगे। अनुग्रह सहायता के 6821 प्रकरण में 150 करोड़ की राशि ट्रांसफर करेंगे। संबल योजना में अनुग्रह सहायता अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए और सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख दिए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये और आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख, अंत्येष्टि सहायता के लिए 5 हजार दिए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के लिए 16 हजार रुपये दिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में 1 करोड़ 76 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। वहीं भारत सरकार के नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित कर इनका पंजीयन शुरू किया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि विमान में सवार यात्रियों की जीवन रक्षा का कार्य सफल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की है।

### डबरा संभाग के उप महाप्रबंधक शुभम कुमार निलंबित

**ऊर्जा मंत्री तोमर ने लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के दिये थे निर्देश**

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्वालियर वृत्त अंतर्गत संचारण संधारण डबरा संभाग में विद्युत आपूर्ति सेवाओं के दौरान अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होने एवं कार्य में लापरवाही बरतने के कारण डबरा विद्युत संभाग में पदस्थ उप महाप्रबंधक शुभम कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि गत दिवस ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय समीक्षा के दौरान लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध क?ी कार्रवाई के निर्देश दिये थे। निलंबन अवधि में शुभम कुमार का मुख्यालय वृत्त कार्यालय श्योपुर नियत किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने सभी अमले को समझाइश दी है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जीरो टोलरेंस की नीति लागू है और सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ता सेवाओं और कंपनी की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें। प्रबंध संचालक ने कहा है कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कंपनी द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### मप्र में 21 जून को सामूहिक योग कराने पंजीयन अनिवार्य

**योग दिवस को एक दशक पूरा होने पर पर्यटन स्थलों पर भी होंगे आयोजन, काउंटडाउन भी चलाएंगे**

**भोपाल।** इस साल योग दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की वेब लिंक पर आयोजक के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार ने इस साल होने वाले योग कार्यक्रम के लिए एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम तय की है। योग के कार्यक्रम जिला मुख्यालयों पर होने के साथ पर्यटन स्थलों पर भी किए जाएंगे। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा होने पर काउंटडाउन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश में 21 जून को जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में सभी स्कूल, कॉलेज (स्कूल शिक्षा,उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि शिक्षा) पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई एवं सभी शासकीय एवं निजी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी शामिल होंगे। योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन सहित आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी इस आयोजन के लिए तय की जाएगी।

# हमीदिया अस्पताल में अब मरीजों को नहीं लगाना पड़ेगा लंबा चक्कर

## 16 जून को आम लोगों के लिए खोला जाएगा जीएमसी का मेन गेट

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज कैंपस का मेन गेट (रॉयल मार्केट की ओर) 16 जून को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद कॉलेज और हमीदिया अस्पताल कैंपस में आने के लिए लोगों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। यह गेट रिनोवेशन के लिए 15 नवंबर 2024 को बंद किया था। जीएमसी प्रबंधन ने तब कहा था कि 3 माह में गेट शुरू कर देंगे, पर 7 माह हो गए। मेन गेट बंद होने के कारण मरीजों को इमरजेंसी गेट और फतेहगढ़ वाले गेट से आना-जाना पड़ रहा है।

मेन गेट से इंट्री बंद होने के कारण लोगों ने मेन गेट के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़े करना भी बंद कर दिए है। जिससे पूरा कैंपस ही पार्किंग स्थल में बदल गया है। इस स्थिति में इमरजेंसी के दौरान फायर ब्रिगेड जैसे बड़े वाहनों के लिए कैंपस में चलना संभव नहीं है।पीड ब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार मरम्मत कार्य पूरा हो गया है। अब



सिर्फ सपोर्ट में लगाई गईं बांस-बल्लियों को हटाना और अंतिम चेकिंग बची है। यह काम इस सप्ताह पूरा हो जाएगा। वर्तमान में मरीजों, परिजनों, अस्पताल व मेडिकल स्टाफ के आने-जाने के लिए सिर्फ फतेहगढ़ वाला गेट चालू है। कलेक्ट्रेट की ओर से आने वाले लोगों को इस गेट तक पहुंचने के लिए कर्फ्यू वाली माता, मोती मस्जिद और सदर मंजिल से होकर आना पड़ता है। यह करीब 1.5 किलोमीटर का चक्कर है। इस रोड पर पीक अवर्स में 15 हजार से ज्यादा वाहन एक घंटे में गुजरते हैं, ऐसे में यहां हमेशा जाम की स्थिति भी बनी रहती है। जिससे काफी समय बर्बाद होता है।

### बाहरी लोगों पर रोक नहीं

मालूम हो कि अस्पताल में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक नहीं है। कुछ समय पहले जूडा ने इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को पत्र भी लिखा था। इस पत्र में बताया था कि कुछ बाहरी लोग अस्पताल में भर्ती मरीजों को इलाज पूरा होने से पहले ही डिस्चार्ज करवाकर अपने साथ ले जाते हैं। इसके अलावा मरीजों को जीएमसी में भर्ती होने से पहले ही उन्हें निजी अस्पताल में बेहतर इलाज का आश्वासन देने लगते हैं। जूडा ने संदेह जताया था कि निजी अस्पतालों के दलाल हमीदिया अस्पताल कैंपस में सक्रिय हैं।

### बूम बैरियर एक्टिव होने से बढ़ेगी सुरक्षा

मेन गेट शुरू होने के बाद, जीएमसी कैंपस और हमीदिया अस्पताल में आने-जाने के 3 गेट होंगे। इनमें से एक इमरजेंसी गेट सिर्फ एम्बुलेंस के लिए आरक्षित है। वहीं, रॉयल मार्केट वाले गेट और फतेहगढ़ वाले गेट पर लगे बूम बैरियर भी एक्टिव हो जाएंगे। जिससे कैंपस में आने वाले हर वाहन की जानकारी और फोटो सर्वर में दर्ज होगी। अभी जो बाहरी लोग कैंपस में माहौल खराब करने का काम करते हैं, उनकी पहचान आसान हो जाएगी। जिससे इस तरह की असामाजिक गतिविधियों के रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने में मदद मिलेगी।

# सरकारी स्कूलों में गणवेश की राशि अभिभावकों के खातों में आएगी



**भोपाल।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सरकारी स्कूल शुरू होने की तैयारी में हैं, वहीं विद्यार्थियों को गणवेश में लेटलतीफी और खराब क्वालिटी को लेकर हर साल शिकायतें मिल रही थीं। इस बार व्यवस्था में बदलाव करते हुए नया प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, जो अगले सप्ताह होने वाली कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा, जिसमें गणवेश की राशि अभिभावकों के खाते में सीधे देने पर निर्णय लिया जाना है।

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए गणवेश नि:शुल्क प्रदान की जाती है। वर्ष 2018 से स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गणवेश बनाने का कार्य किया जा रहा था। खराब क्वालिटी और गणवेश में देरी को लेकर लगातार शिकायतें हो रही थीं। अब इस व्यवस्था में बदलाव की तैयारी हो चुकी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने कैबिनेट बैठक के लिए एक नया प्रस्ताव बनाया है, जिसमें अभिभावक के खाते में सीधे गणवेश की राशि ट्रांसफर करने की बात रखी है। संभवत: अगले सप्ताह में होने वाली कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया जा सकेगा। मध्यप्रदेश में कक्षा 1 से 8 तक तकरीबन 65 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिन्हें इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद गणवेश की राशि सीधे एक क्लिक से अभिभावक के खाते में पहुंच जाएगी। विद्यार्थियों को 2-2 गणवेश के लिए 600- 600 रुपए देने का प्रावधान है। प्रदेश में हर साल 65 लाख विद्यार्थियों को गणवेश वितरित की जाती है। सरकार को तकरीबन 400 करोड़ रुपए का खर्च वहन करना होता है।

# जमीनों को आधार से जोड़ने का अभियान ठप

## न पटवारी हल्के पर पहुंच रहे न ही अधिकारी गंभीर

**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने कुछ हद तक जमीनों का फर्जीवाड़ा रोकने के लिए जमीनों को आधार से जोड़ने का कार्यक्रम शुरू किया था। शुरूआत में राजस्व अमले ने आधार लिंकिंग में रुचि दिखाई थी, लेकिन बाद में काम ही बंद कर दिया। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर जमीनों के सर्वे नंबर भू-स्वामी के आधार नंबर से नहीं जुड़े हैं। खास बात यह है कि दूरदराज के इलाकों में स्थिति बेहद खराब है। ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी हल्कों पर ही नहीं पहुंचते हैं।

राजस्व विभाग ने इसी साल के शुरूआत में जमीनों को आधार से जोड़ने के लिए अभियान शुरू किया था। शुरूआत में राजस्व अमले ने भू-स्वामियों को फोन कर ओटीपी लेकर आधार लिंकिग का काम शुरू किया था। जिसमें ज्यादा सफलता नहीं मिली। शासन के कार्यक्रम के अनुसार सभी हलका पटवारियों को यह काम करना था, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में पटवारियों ने इसे शुरू ही नहीं किया है। भू-अभिलेख की तकनीकी इकाई के अनुसार प्रदेश में ज्यादातर जमीनों को आधार से लिंक नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्र में जिन जमीनों की खरीदी विक्री हो रही है, वहां आधार लिंक किया गया है। क्योंकि जमीनों के पंजीयन में अब आधार अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में आयुक्त भू-अभिलेख श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने कोई प्रतिक्रिया ही नहीं दी।

### निगरानी की खानापूर्ति

मुख्यमंत्री ने तीन महीने पहले जमीनों के आधार लिंक का अभियान शुरू किया था। तब शासन स्तर और आयुक्त भू-अभिलेख स्तर से निगरानी हो रही थी। मौजूदा स्थिति में जमीनों के आधार लिंक की निगरानी करना ही बंद कर दिया है। यही स्थिति जिला और तहसील स्तर पर है। जिलों में जिलाधीश से लेकर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार भी आधार लिंक अभियान की न तो समीक्षा कर रहे हैं और न हीं इसमें रुचि दिखा रहे हैं। इस वजह से आधार लिंक से जमीनों के फर्जीवाड़ा रोकने की जो शासन की मंशा थी, वह पूरी नहीं हो रही है।

### ओटीपी का बना रहे बहाना

राजस्व विभाग में किसान एवं अन्य जमीनों के आधार लिंक का काम पटवारियों को सौंपा था। शुरू में पटवारियों ने दूरभाष पर ही लोगों से ओटीपी मांगना शुरू कर दिया था। लोगों ने अनजान नंबर से फोन कर ओटीपी मांगने पर वित्तीय फ्रॉड के डर से ओटीपी नहीं दिया। राजस्व विभाग के निचले अमले ने जमीनों का आधार लिंक नहीं होने पर यह रिपोर्ट भिजवाई की भू-स्वामी ओटीपी नहीं दे रहे हैं। जबकि जमीनों को आधार से जोड़ने का काम पटवारी को भू स्वामी के गांव, पटवारी हल्का पर पहुंचकर करना था, जो नहीं किया गया। इस वजह से जमीनों का आधार लिंक का काम ठप हो गया।

### इनका कहना है

जमीनों को आधार से जोड़ने का काम चल रहा है। भू-स्वामी खुद भी विभाग के पोर्टल से अपनी जमीन को आधार से लिंक कर सकते हैं।

**विवेक पोरवाल**
**प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग**

# मप्र पुलिस भर्ती घोटाले में 14 गिरफ्तार

## फरार आरोपितों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

## पुलिस भर्ती घोटाले में अब 33 फर्जी उम्मीदवारों की पहचान

## आधार अपडेट से वास्तविक कैंडिडेट ने बदला बायोमेट्रिक डेटा

**भोपाल।** मप्र पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले में फर्जी अभ्यर्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। साल्वर के जरिए परीक्षा देकर आरक्षक बनने वाले अब तक 33 उम्मीदवारों का खुलासा हो चुका है। वहीं जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। अब तक इस मामले में 14 आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं और चार फरार आरोपितों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

राज्य पुलिस द्वारा की जा रही गहन जांच में यह सामने आया है कि आरोपितों ने आधार कार्ड अपडेट कर साल्वर से बायोमेट्रिक दर्ज करवाया, और फिर शारीरिक परीक्षा से पहले फिर से आधार अपडेट कर खुद का बायोमेट्रिक दर्ज कराया। इस तरह बायोमेट्रिक आधारित सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर नौकरी हासिल की गई।

### अब तक 33 फर्जी उम्मीदवारों की पहचान

14 आरोपितों को किया गया गिरफ्तार, जिनमें साल्वर और आधार अपडेट कराने वाले भी शामिल।अब तक 24 एफआईआर दर्ज की गई हैं। चार फरार आरोपितों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित। आधार अपडेट की मदद से साल्वर और वास्तविक उम्मीदवारों ने बदला बायोमेट्रिक डेटा। राज्यभर में टीमें गठित, एसआईटी की अभी जरूरत नहीं मानी गई। उत्तर प्रदेश, बिहार, और गुजरात से जुड़े साल्वर गिरोहों का खुलासा।

### जांच अधिकारियों ने क्या कहा

जांच अधिकारियों का मानना है कि अभी तो मामला केवल आरक्षक भर्ती परीक्षा तक सीमित है, लेकिन यही गिरोह अन्य सरकारी परीक्षाओं में भी साल्वर भेज चुका हो, इसकी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### 10 में से 7 टॉपर्स संदेह के घेरे में

ग्वालियर के एक परीक्षा केंद्र में हुई पटवारी भर्ती परीक्षा में भी 10 में से 7 टॉपर्स संदेह के घेरे में थे। इससे साफ है कि भर्ती प्रक्रियाओं में सुनियोजित फर्जीवाड़ा फैला हुआ है। भर्ती परीक्षाओं में बायोमेट्रिक सत्यापन एक मजबूत प्रणाली मानी जाती है, लेकिन इस घोटाले में दिखाया गया कि कैसे आधार अपडेट प्रणाली का गलत इस्तेमाल कर बायोमेट्रिक डेटा को दो बार बदला गया और सरकारी नौकरी पाई गई।

### हर जिले में बनी टीमें

जांच के तय बिंदुओं के आधार पर आगे बढ़ रही पड़ताल। एसआईटी की फिलहाल कोई आवश्यकता नहीं। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक सभी संभावित अभ्यर्थियों की जांच की जा रही है।

# वन विहार में दिखेंगे जिराफ और जेब्रा

## उद्यान प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय टेंडर प्रक्रिया शुरू की

**भोपाल।** प्रदेश के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में जल्द ही जेब्रा और जिराफ जैसे आकर्षक और दुर्लभ विदेशी प्राणी दिखाई देंगे। लंबे समय से ठंडी पड़ी इस महत्वाकांक्षी योजना को एक बार फिर से गति दी जा रही है। वन विहार प्रशासन अब अफ्रीका से इन प्राणियों को लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेंडर प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

बता दें कि इस टेंडर के माध्यम से एक ऐसी विशेषज्ञ एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा जो अफ्रीका के किसी देश से जेब्रा और जिराफ लाने की प्रक्रिया को पूरा करेगी। वन विहार में बबूल की प्रजातियों की पत्तियां, फल और फूल के पेड़-पौधे भी हैं, इसलिए यह जिराफ-जेब्रा के लिए अनुकूल माना गया है। वहीं, तत्कालीन वन मंत्री डॉ. विजय शाह ने अफ्रीका से जिराफ-जेब्रा लाने की बात कह चुके हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मास्टर ले-ऑउट प्लान को अप्रूवल मिल गई है। जू-अथॉरिटी के निर्देशानुसार आगे की प्रोसेस की जा रही है।

### इस तरह काम करेंगी एजेंसी

**टेंडर में नियुक्त एजेंसी न केवल जानवरों के चयन और उन्हें लाने का काम करेगी, बल्कि समुद्री मार्ग से इन जानवरों को भारत लाने के लिए आवश्यक कार्गो शिपिंग की व्यवस्था भी करेगी। यह एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें जानवरों की सुरक्षा, देखभाल और परिवहन से संबंधित सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा।**

### पर्यटक विदेशी वन्य प्राणी को करीब से देख सकेंगे

**वर्तमान में, मध्य प्रदेश के किसी भी राष्ट्रीय उद्यान में जेब्रा और जिराफ नहीं हैं। यदि यह योजना सफल होती है, तो वन विहार ऐसा पार्क बन जाएगा जहां पर्यटक इन विदेशी जानवरों को करीब से देख सकेंगे। वन विहार प्रबंधन को उम्मीद है कि जेब्रा और जिराफ के आने से वन विहार की लोकप्रियता में वृद्धि होगी, जिससे देश-विदेश से अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।**

# गुटखा खाने वालों का मुंह नहीं खुलने की बीमारी बढ़ी

## एम्स भोपाल का शोध सिंगापुर में पेश

**भोपाल।** एम्स भोपाल में तंबाकू-सुपारी लोगो पर शोध किया गया है। एम्स के दंत रोग विभाग के डॉ. अंशुल राय और उनकी टीम ने ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस पर की गई रिसर्च को हाल ही में सिंगापुर में पेश किया। यह अध्ययन 80 देशों के दो हजार से अधिक विशेषज्ञों के बीच प्रस्तुत किया गया। रिसर्च में करीब 100 मरीजों को शामिल किया गया, जिनमें से अधिकांश पिछले 10 सालों से तंबाकू और सुपारी का सेवन कर रहे थे। इन रोगियों में ओएसएफ की स्थिति देखी गई, जिसमें व्यक्ति के मुंह का खुलना सीमित हो जाता है। ऐसे लोगों के मुंह में तीन उंगलियां एक साथ नहीं जाती हैं। चिंता की बात यह रही कि इन मरीजों में से 8 से 10 को आगे चलकर मुंह का कैंसर हो गया।

एम्स के डॉ. अंशुल राय ने बताया कि पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग अलग सर्जिकल प्रोटोकॉल विकसित किए गए है। जिससे इलाज ज्यादा सटीक और असरदार हो सके। मरीजों को पहले ही बताया जाता है कि ओएसएफ एक घातक स्थिति है। इसका इलाज लंबा चलता है। ऐसे में जरूरी है कि सभी रोगी हर फॉलो-अप में आवश्यक आएं। उन्होने बताया कि मुंह ना खुलने की समस्या के चार ग्रेड हैं। जितना कम मुंह खुलता है उतना ही ग्रेड बढ़ जाता है। ग्रेड एक और दो के मरीज एक्सरसाइज और हल्दी व शहद का लेप लगा इस समस्या को रोक सकते हैं। वहीं ग्रेड 3 और ग्रेड चार के मरीजों में सर्जरी ही विकल्प होता है।

### ऐसे छोड़ें तंबाकू-सुपारी

शोधकर्ताओं के अनुसार, एकदम से लत नहीं छोड़ी जा सकती है। ऐसा करने से मरीज के सिर में दर्द, ज्यादा नींद समेत अन्य लक्षण देखने के मिलते हैं। ऐसे में पहले दिन यदि कोई 10 बार तम्बाकू, गुटखा और सुपारी का सेवन करता है तो उसे 8 बार कर दे। अन्य दो बार वे अजवाइन के साथ काला नमक और काली मिर्च का पाउडर का सेवन करें। यह व्यक्ति की तलब को तत्काल खत्म करने में सक्षम है।

### नया फिजियोथेरेपी प्रोटोकॉल भी विकसित

**एम्स भोपाल के दंत चिकित्सा विभाग ने मुंह खोलने में सुधार के लिए एक नया फिजियोथेरेपी प्रोटोकॉल भी विकसित किया। इस विधि का रोगियों पर परीक्षण किया गया और सकारात्मक परिणाम मिले हैं। इसने न केवल जबड़े की गति में सुधार किया बल्कि रोगियों को व्यायाम करते समय कोई दर्द न हो।**

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित। ***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**